आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!

वर्ष-11 । अंक 135 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, मंगलवार, 20 मई, 2025

### मुख्यमंत्री ने लोकमाता देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक को किया संबोधित

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को समर्पित थीं देवी अहिल्या बाई होल्कर

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर ने सुशासन, क्षेत्रीय विकास और न्याय प्रबंधन के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किए। उनके द्वारा जनसामान्य के कल्याण और महिलाओं के स्वावलम्बन के लिए गए कार्य अनुकरणीय हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर ने देश भर में धर्म और संस्कृति के उत्थान के कार्यों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दिशा में कार्य किया। उनके इस सपने को साकार करने के लिए लोकमाता के 300 वें जयंती समारोह के अंतर्गत वर्ष इन विषयों पर केंद्रित गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के अवदान पर अध्ययन और शोध को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न राज्यों में देवी अहिल्या द्वारा निर्मित मंदिरों, पूजा घरों, धर्मशालाओं और अन्य सामुदायिक उपयोग की संरचनाओं के रख-रखाव के लिए संबंधित राज्य सरकारों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या द्वारा निर्मित देव स्थानों में धार्मिक स्वरूप की गतिविधियों के निरंतर आयोजन के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के महाराष्ट्र स्थित मूल गांव चौड़ी में विशेष दल भेजकर आवश्यक जानकारियों का एकत्रिकरण कराया जाए। प्रदेश के विभिन्न भागों में अहिल्या यात्रा के आयोजन, शाला व महाविद्यालय स्तर पर देवी अहिल्या पर केन्द्रित शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में जानकारी दी गई कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई के त्रिशताब्दी समारोह का मुख्य कार्यक्रम 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में होगा। महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित इस कार्यक्रम में लगभग एक लाख प्रतिभागियों की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम में भारत सरकार की ओर से लोकमाता देवी अहिल्या को समर्पित डाक टिकट और सिक्के का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला, समिति की सदस्य श्रीमती मेघा पवार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। समिति सदस्य श्रीमती माला ठाकुर, सुश्री विनिता धर्म, श्रीमती ज्योति तोमर और श्री राकेश देनिया बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

---

### विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने संसदीय समिति को बताया

# 'पहलगाम हमले के समय पाकिस्तान में अपने आकाओं के संपर्क में थे आतंकी'

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद हुए भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर सोमवार को एक संसदीय समिति को जानकारी दी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अपराजिता सारंगी एवं अरुण गोविल आदि ने भाग लिया।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, विदेश सचिव ने संसदीय पैनल को बताया कि पहलगाम हमले की जांच से पता चला है कि आतंकवादियों ने पाकिस्तान में बैठे मास्टरमाइंड से संपर्क किया था। इसके साथ ही विक्रम मिस्री ने जानकारी दी कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वांछित आतंकवादी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं, भारत के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं। आतंकवाद के पनाहगाह के रूप में पाकिस्तान का पिछला रिकॉर्ड दुनिया देख चुकी है, जो ठोस तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित है।

सूत्रों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान में आतंकियों, सैन्य खुफिया एजेंसियों और नागरिक प्रशासन के बीच गहरा गठजोड़ है, जो भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। विदेश सचिव ने संसदीय समिति को यह भी बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार संबंधित पक्षों को पाकिस्तान प्रायोजित सीमा-पार आतंकवाद के खतरे के बारे में जागरूक कर रहा है। विदेश सचिव ने कहा कि किसी अन्य देश को जम्मू-कश्मीर के मुद्दों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।



#### 'सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय द्विपक्षीय स्तर पर हुआ'

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने एक संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक क्षेत्र में रहा है। पड़ोसी देश ने कभी ऐसा संकेत नहीं दिया कि वह परमाणु हमला कर सकता है। विदेश सचिव मिस्री सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर जानकारी दे रहे थे। समिति के कुछ विपक्षी सदस्यों की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका ने संघर्ष विराम कराया, मिस्री ने सरकार के इस रुख को दोहराया कि सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। जब एक विपक्षी सदस्य ने संघर्ष विराम के बाद कई सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप की ओर से इसका श्रेय लेने के बारे में पूछा तो विदेश सचिव ने चुटकी लेते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऐसा करने के लिए उनकी अनुमति नहीं ली।

सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंचों का इस्तेमाल किया है। मिस्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अपराजिता सारंगी एवं अरुण गोविल आदि ने भाग लिया। यह बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में हुई। भारत और पाकिस्तान 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमत हुए थे।

#### संसदीय समिति ने सर्वसम्मति से विदेश सचिव को ट्रोल करने की निंदा की

विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति ने सर्वसम्मति से विदेश सचिव विक्रम मिस्री को ट्रोल करने की निंदा की और उनके पेशेवर आचरण की प्रशंसा की है। बता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के लिए हुए समझौते के बाद विदेश सचिव को सोशल मीडिया पर भारी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। हालांकि, उन्हें राजनीतिक नेताओं, पूर्व नौकरशाहों और रक्षा दिग्गजों से समर्थन मिला था।

#### तुर्किये कभी समर्थक नहीं रहा

एक सदस्य की ओर से भारत के खिलाफ तुर्किये के प्रतिकूल रुख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तुर्किये कभी भारत का समर्थक नहीं रहा है। कुछ सांसदों ने सवाल किया कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान चीनी प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल था, मिस्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया था।

#### BJP ने ऑपरेशन सिंदूर पर जारी किया नया गाना



दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से शुरु किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आज हर देशवासी गर्व कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सैनिकों के लिए सम्मान का भाव दिखाने के लिए एक नया गाना जारी किया है। इसे पार्टी के सांसद और प्रसिद्ध गायक मनोज तिवारी ने गाया है। गाने के बोल हैं- '30 लाख सैनिक के पीछे, 150 करोड़ हिंदुस्तानी, नाप देंगे जब चाहेंगे, दुश्मन में कितना है पानी'! भाजपा ने वीडियो जारी करते हुए अपने एक 'एक्स' पोस्ट में लिखा, '30 लाख सैनिक के पीछे 150 करोड़ हिंदुस्तानी, नाप देंगे जब चाहेंगे, दुश्मन में कितना है पानी! निशानी देख लो, ये निशानी... कहानी हो गई है, शुरु कहानी! ऑपरेशन सिंदूर जारी है।'

---

### मंत्री विजय शाह केस : शाह ने कर्नल सोफिया पर कमेंट किया था

# सुप्रीम कोर्ट ने SIT बनाई

## माफी नामंजूर, लेकिन गिरफ्तारी पर रोक

**एजेंसी ● नई दिल्ली/भोपाल**

कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की माफी सुप्रीम कोर्ट ने नामंजूर कर दी है। कोर्ट ने मामले की जांच के लिए SIT बनाने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी है।

शाह के वकील ने कहा कि उनके क्लाइंट ने माफी मांग ली है। इस पर कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आप लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। आप पब्लिक फिगर हैं। आपको बोलते समय अपने शब्दों पर विचार करना चाहिए।

इसके बाद कोर्ट ने मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाने के आदेश दिए। इसमें तीन IPS अधिकारी होंगे, जिनमें एक IG और बाकी दो SP लेवल के अफसर होंगे। इनमें एक अधिकारी महिला होना अनिवार्य होगा। सभी अफसर मध्य प्रदेश कैडर के हो सकते हैं, लेकिन राज्य के मूल निवासी नहीं होने चाहिए। SIT 28 मई तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करेगी।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 14 मई को शाह के बयान पर नोटिस लेते हुए FIR दर्ज करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ इंदौर के महू थाने में FIR दर्ज की गई थी। इसके खिलाफ शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं।



#### हमारे पास बोलने के लिए कुछ था ही नहीं- तन्खा

कांग्रेस से राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील विवेक तन्खा सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के वक्त कोर्ट रुम में ही मौजूद थे। कोर्ट के आदेश के बाद उन्होंने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि विजय शाह पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी सुनकर हमें एहसास हुआ कि हमारे पास बोलने के लिए कुछ नहीं है, क्योंकि कोर्ट खुद ही पार्टी से बात कर रहा था।

#### नेता प्रतिपक्ष बोले- शाह से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए

मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। जिस तरह से कोर्ट ने टिप्पणी की कि ये जो आपका कृत्य है माफी के योग्य नहीं है। लेकिन बीजेपी को लगता है कि ये कृत्य माफी योग्य है, इसीलिए मंत्री पद से इस्तीफा नहीं लिया। सभी को दिख रहा है कि बयान माफी योग्य नहीं है। अगर बीजेपी सुप्रीम कोर्ट के आदेश या टिप्पणी को गंभीर मानती है, तो तत्काल विजय शाह का इस्तीफा लेना चाहिए।

---

## जस्टिस यशवंत वर्मा मामले पर उपराष्ट्रपति ने उठाए सवाल, कहा- लोग सोच रहे हैं कि क्या यह खत्म हो जाएगा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर नकदी मामले की जांच में हो रही देरी पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोगों की इस पर नजर है। वे सोच रहे हैं कि क्या मामला खत्म हो जाएगा?

एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर विचार करने का समय आ गया है, जिसमें कहा गया था कि शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता होगी। उपराष्ट्रपति ने जस्टिस वर्मा मामले की जांच कर रही समिति के गवाहों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त करने के कदम को लेकर कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है। ऐसा कैसे किया जा सकता है?



---

## हैदराबाद में ISIS से जुड़े 2 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी ● हैदराबाद**

हैदराबाद में आतंकी संगठन ISIS से जुड़े दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। इन पर बम धमाके की साजिश रचने का आरोप है। रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने दोनों को पकड़ा और बम ब्लास्ट होने से बचा लिया।

संदिग्ध आतंकियों की पहचान सिराज उर रहमान (29) और सैयद समीर (28) के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि इन दोनों को सऊदी अरब में एक्टिव ISIS मॉड्यूल से निर्देश मिल रहे थे, जो हैदराबाद में हमला करवाना चाहता था।

पुलिस को इनके पास से अमोनिया, सल्फर और एल्युमिनियम पाउडर जैसे विस्फोटक सामान मिले हैं। सिराज ने विस्फोटक सामग्री विजयनगरम से जुटाई थी। फिलहाल संदिग्ध आतंकियों से पूछताछ जारी है। जल्द ही कोर्ट में इनकझी पेशी होगी।

#### सिराज को विजयनगरम और समीर को हैदराबाद से पकड़ा

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की काउंटर इंटेलिजेंस सेल ने एक ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत यह कार्रवाई की। अधिकारियों के मुताबिक, सबसे पहले सिराज को आंध्र प्रदेश के विजयनगरम से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सिराज ने समीर का नाम बताया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हैदराबाद से पकड़ा। अधिकारियों ने आम जनता से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

---

### अर्धसैनिक बलों को दिए जाने वाले पदकों को लेकर बड़ा फैसला

## संभावित सूची में शामिल की जाएगी जाति

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में 'विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक' (पीएसएम) और 'सराहनीय सेवा के लिए पदक' (एमएसएम) के दावेदारों से उनकी जाति पूछी जा रही है। सीआरपीएफ महानिदेशालय ने इस बाबत पदकों के लिए जो संभावित नाम तय किए हैं, सभी यूनिटों से उनकी एक सूची मांगी है। यह सूची 19 मई तक देनी है। इसमें अन्य बातों के अलावा जाति भी पूछी गई है। यानी मेडल के लिए जो संभावित नाम बल मुख्यालय को भेजे जाएंगे, उसमें जवान/अधिकारी की 'जाति' भी लिखनी होगी। दूसरे बलों में भी यही नियम बताया जा रहा है। सीएपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, यह सब जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए प्रोफार्मा के मुताबिक है।

---

### सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी की याचिका खारिज की, कहा-

# भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें।

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया था। उसे अपने देश में जान का खतरा है। वह बिना किसी निर्वासन प्रक्रिया के तीन साल से हिरासत में है।



न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता से वकील से पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? तो वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी और उसके पत्नी-बच्चे भारत में बस गए हैं। इस पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अनुच्छेद 21 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उसकी स्वतंत्रता छीनी गई थी। लेकिन अनुच्छेद 19 के अनुसार भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपने देश में जान का खतरा है तो न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि किसी अन्य देश चले जाएं।

#### यह है मामला

याचिकाकर्ता को 2015 में दो अन्य लोगों के साथ LTTE कार्यकर्ता होने के शक में गिरफ्तार किया गया था। उसे यूएपीए के तहत ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया और 10 साल की सजा सुनाई थी। मद्रास हाईकोर्ट ने उसकी सजा घटाकर तीन साल कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि सजा पूरी होने के बाद उसको देश छोड़ना होगा। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता 2009 में LTTE के पूर्व सदस्य के रुप में श्रीलंका में युद्ध लड़ चुका है और उसे वहां से निकाला गया है। अगर उसे वापस भेजा जाता है तो उसकी जान को खतरा होगा। उसने कहा कि उसकी पत्नी और बेटा कई बीमारियों से पीड़ित हैं।

### दृश्यम फिल्म की तर्ज पर युवक को मारकर गाड़ डाला था

# पुलिस ढूंढ रही पिस्टल बेचने वाले को, टीम फिर जाएगी उज्जैन

संवाददाता ● इंदौर

खुड़ैल थाना क्षेत्र में फिल्म दृश्यम की तर्ज पर हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस अब पिस्टल बेचने वाले की तलाश कर रही है। पुलिस की टीम एक बार उज्जैन जा चुकी है। एक बार फिर टीम उज्जैन जाकर पिस्टल बेचने वाले की तलाश करेगी।

दरअसल कुछ दिन पहले पुलिस ने खुड़ैल थाना क्षेत्र में हुई विशाल चौहान की हत्या का खुलासा किया था। पुलिस ने वारदात में शामिल सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें जेल भी भेज दिया गया है। पुलिस ने रविवार रात को छोटी खुड़ैल तालाब में फेंकी देसी पिस्टल भी बरामद कर ली थी। पुलिस को आरोपी रोहित से ये जानकारी मिली थी कि उसने 30 हजार रुपए में कुछ महीने पहले उज्जैन से एक व्यक्ति से देसी पिस्टल खरीदी थी।

खुलासा

**30 हजार में खरीदी थी देसी पिस्टल :** खुड़ैल थाना प्रभारी करणी सिंह शक्तावत ने बताया कि आरोपी से मिली जानकारी के बाद पुलिस की एक टीम उज्जैन जाकर पिस्टल बेचने वाले की तलाश कर चुकी है, मगर उस वक्त वह नहीं मिला था। पिस्टल बेचने वाले की तलाश में पुलिस की टीम एक बार फिर उज्जैन जाएगी। रोहित ने पुलिस को बताया कि वह कुछ माह पहले उज्जैन गया था, तब वहां किसी से उसका संपर्क हुआ था। उसने 30 हजार रुपए में देसी पिस्टल खरीदी थी। इसी पिस्टल से उसने रोहित की हत्या की थी। हत्या के बाद लाश को छोटी खुड़ैल तालाब के पास दफना दिया था।



**जानकारी मिलने पर आरोपी को पकड़ा था**

विशाल के लापता होने के बाद परिवार के लोगों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस को जानकारी मिली थी कि विशाल के लापता होने के पीछे रोहित का हाथ हो सकता है। पुलिस ने रोहित को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की थी, जिसके बाद पूरे मामला का खुलासा हो गया था। इसके बाद पुलिस ने सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

## ज्योति मल्होत्रा सालभर पहले इंदौर-उज्जैन आई थी, कहां रुकी, क्या किया, होगी जांच

**इंदौर**। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा करीब एक साल पहले मध्य प्रदेश के उज्जैन और इंदौर आई थी। उसके यूट्यूब चैनल 'ट्रेवल विथ जो' पर इससे जुड़े वीडियो भी मौजूद हैं। पहला वीडियो 23 मार्च 2024 को हिसार से उज्जैन तक की ट्रेन यात्रा का है, जबकि दूसरा वीडियो 26 मार्च 2024 को इंदौर से दिल्ली तक की बस यात्रा का है। आश्चर्यजनक बात यह है कि इन दोनों शहरों में कई प्रमुख पर्यटन स्थल होने के बावजूद ज्योति ने केवल इन शहरों में आने और जाने के वीडियो ही डाले हैं, लेकिन वहां घूमने की कोई जानकारी उसने साझा नहीं की है।



जांच में सामने आया है कि हरियाणा के हिसार की रहने वाली ज्योति मल्होत्रा की दोस्ती पाकिस्तान हाई कमिशन में कार्यरत दानिश नाम के व्यक्ति से थी। उसी के माध्यम से वह कई बार पाकिस्तान भी जा चुकी थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह खुलासा हुआ कि ज्योति का संपर्क सीधे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से था। उसकी लग्जरी लाइफस्टाइल और पाकिस्तानी एवं चीनी वीजा तुरंत मिल जाने के कारण वह जांच एजेंसियों के रडार पर आ गई थी। इतना ही नहीं, उसने अपने यूट्यूब चैनल पर मरियम नवाज के साथ भी एक वीडियो साझा किया था, जिससे एजेंसियों को यह शक हुआ कि एक आम भारतीय यूट्यूबर पाकिस्तान की शीर्ष राजनीतिक शख्सियत तक कैसे पहुंची। ज्योति मल्होत्रा हाल ही में इंडोनेशिया के लोकप्रिय पर्यटन स्थल बाली की यात्रा पर भी गई थी। वहां से उसने अपने चैनल पर कई लग्जरी लाइफस्टाइल से जुड़े वीडियो शेयर किए हैं। उसकी महंगी जीवनशैली और अंतरराष्ट्रीय यात्राओं को देखते हुए जांच एजेंसियों को इस बात की आशंका है कि उसे किसी स्रोत से आर्थिक सहायता मिल रही थी।

## शॉट न्यूज

### पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को महंगाई राहत में वृद्धि

**भोपाल**। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 01 जून 2005 के पश्चात् सेवानिवृत्त सभी पेंशनरों/परिवार पेंशनरों एवं 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनरों को मध्यप्रदेश शासन के वित्त विभाग के अनुरूप 01 मार्च 2025 से छठवें वेतनमान के अनुसार 246 प्रतिशत एवं सातवें वेतनमान के अनुसार 53 प्रतिशत मंहगाई राहत देने के आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार सेवानिवृत्त पेंशनर और परिवार पेंशनर को छटवें वेतनमान के अनुसार 01 मार्च 2025 से 07 प्रतिशत की वृद्धि एवं सातवें वेतनमान के अनुसार 03 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस आदेश के उपरांत माह मार्च 2025 से बढ़ी हुई मंहगाई राहत राशि का भुगतान माह अप्रैल 2025 की पेंशन/परिवार पेंशन के साथ किया जाएगा।

### कई स्टूडेंट्स को बाहर जाकर देना पड़ी परीक्षा

**इंदौर**। जिन विद्यार्थियों के सेंटर भोपाल या उज्जैन के थे। उन्हें एक दिन पहले वहां जाकर रुकना पड़ा,क्योंकि पहला पेपर सुबह सात बजे था। यदि इंदौर में ज्यादा सेंटर बनाए जाते तो फिर उन्हें दूसरे शहर में नहीं जाना पड़ता। इंदौर में रविवार को जेईई एडवांस की परीक्षा संपन्न हुई। प्रदेश में सबसे ज्यादा विद्यार्थी इस परीक्षा में इंदौर से भाग लेते है। इस बार भी ढाई हजार विद्यार्थी इंदौर के थे,लेकिन उन्हें उज्जैन और भोपाल जाकर परीक्षा देना पड़ी,क्योकि इंदौर में चार जगह ही सेंटर बनाए गए थे। इंदौरी छात्रों ने दूसरे विकल्प के रुप में उज्जैन और भोपाल को चुना था। इस कारण उनके सेंटर वहां आए। परीक्षा के लिए उन्हें एक दिन पहले वहां जाना पड़ा। छात्रों को कमेस्ट्री का पर्चा थोड़ा कठिन लगा। कुछ स्टूडेंट ने बताया कि रविवार को सुबह और शाम को फिजिक्स, कमेस्ट्री और मैथ्स के पेपर 48-48 नंबरों के थे। कुछ छह पेपर 360 नंबर के हुए। पिछले साल की तुलना में सुबह के समय हुआ पर्चा आसान था।

### रिटायर्ड एसीपी को मोबाइल पर धमकाया

**इंदौर**। एसीपी राकेश गुप्ता (सेवानिवृत्त) जो इंदौर के विजयनगर थाने में पदस्थ रहे, को उनके पूर्व किराएदार गौरव जैन ने मोबाइल पर धमकी दी और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। राकेश गुप्ता ने लसूड़िया थाने में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के अनुसार, गौरव ने 16 मई की रात करीब 2:30 बजे से सुबह 7 बजे तक 100 से अधिक बार कॉल किया। इसके अलावा अश्लील और धमकी भरे मैसेज भी भेजे। पहले भी, थाने में शिकायत करने पर गौरव ने वॉट्सऐप पर अश्लील मैसेज और वीडियो कॉल किए थे। राकेश गुप्ता का कहना है कि उनका हरे कृष्णा विहार निपानिया में एक ऑफिस है, जिसे जनवरी 2024 में गौरव जैन ने किराए पर लिया था। कुछ समय बाद गौरव बिना किराया चुकाए ऑफिस का सारा सामान लेकर अचानक वहां से चला गया। इस पर राकेश ने लसूड़िया थाने में किराया न देने और सामान ले जाने को लेकर लिखित शिकायत की थी।

## असामान्य घटना टालने वाले 7 रेलकर्मी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



संवाददाता ● भोपाल

रेलवे ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझ-बूझ एवं सजगता का परिचय देते हुए संभावित असामान्य घटनाओं को टालने वाले 07 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया गया। इन रेलकर्मियों ने अपनी सूझ-बूझ, सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही से गंभीर दुर्घटनाओं को रोकने का प्रशंसनीय कार्य किया है।

इनके प्रयासों से न केवल रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई बल्कि रेलवे संपत्ति की भी सुरक्षा हुई। रेल प्रशासन कर्मचारियों के समर्पण, तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करता है और भविष्य में भी इसी प्रकार कर्तव्य के प्रति समर्पित रहने हेतु प्रेरित करता है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी ने कर्मचारियों के उत्साह, सजगता एवं समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए रेलकर्मियों को निरंतर प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी ,वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री विजय शंकर गौतम, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) श्री ऋतुराज शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित रेलकर्मी**

मुकेश चौहान, पैसेंजर गाड़ी प्रबंधक, इटारसी
कृष्णा कुमार, मालगाड़ी प्रबंधक, बीना
संदीप अग्रवाल, पैसेंजर गाड़ी प्रबंधक, इटारसी
सामंता घमंडी,ट्रैक मैन्टैनर, खंडवा
अजीत कुमार यादव, ट्रैक मैन्टैनर
जाबिर अली, ट्रैक मैन्टैनर ,मथैला
अक्षय जैन, कनिष्ठ अभियंता, धर्मकुण्डी

## हिंदुजा परिवार ने लगातार चौथे वर्ष 2025 की यूके रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

**मुंबई**। गोपीचंद हिंदुजा, 110 वर्ष पुराने बहुराष्ट्रीय समूह हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन के नेतृत्व में हिंदुजा परिवार ने 35.3 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ लगातार चौथे वर्ष संडे टाइम्स रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले सबसे धनी व्यक्तियों और परिवारों की वार्षिक रैंकिंग है, जिसमें 2025 के संस्करण में 350 प्रविष्टियाँ शामिल हैं। वैश्विक चुनौतियों और नीतिगत बदलावों के बावजूद, हिंदुजा परिवार ने असाधारण व्यावसायिक दृढ़ता और वैश्विक नेतृत्व का प्रदर्शन जारी रखा है। यूके स्थित इस परिवार का कंपनी समूह, चेयरमैन श्री जी.पी. हिंदुजा के नेतृत्व में, 38 देशों में संचालित होता है और कई क्षेत्रों में निवेश करता है – मोबिलिटी, डिजिटल टेक्नोलॉजी, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ, मीडिया, प्रोजेक्ट डेवलपमेंट, लुब्रिकेंट्स और विशेष रसायन, ऊर्जा, रियल एस्टेट, व्यापार, और स्वास्थ्य सेवा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष के दौरान, हिंदुजा ग्रुप ने भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र पर अपना ध्यान बढ़ाया है, जिसमें वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश शामिल है, जो स्थिरता और भविष्य के लिए तैयार नवाचार की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है। अपने व्यावसायिक साम्राज्य से परे, हिंदुजा परिवार हिंदुजा फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक प्रभाव के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सतत ग्रामीण विकास, और जल संरक्षण में परिवर्तनकारी पहलों पर ध्यान केंद्रित करता है, जो विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में समुदायों को प्रभावित करता है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट 2025 में शामिल अन्य प्रतिष्ठित नामों में डेविड और साइमन रियूबेन और परिवार 26.873 अरब पाउंड, सर लियोनार्ड ब्लावाटनिक 25.725 अरब पाउंड, सर जेम्स डायसन और परिवार 20.8 अरब पाउंड, इदान ओफर 20.121 अरब पाउंड, परिवार 15.444 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ शामिल हैं।

## होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने ऑल-न्यू रिबेल 500 लॉन्च की 'बुकिंग्स ओपन

एजेंसी ● गुरुग्राम

होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज भारतीय बाजार में बहुप्रतीक्षित रिबेल 500 मोटरसाइकल लॉन्च की, जो ब्रांड के प्रीमियम मोटरसाइकल पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस नई क्रूज़र मोटरसाइकल की बुकिंग्स चुनिंदा बिगविंग टॉपलाइन डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी हैं। ऑल-न्यू 2025 होंडा रिबेल 500 की एक्स-शोरूम (गुरुग्राम) कीमत 5.12 LAKH लाख रखी गई है। यह मोटरसाइकल केवल गुरुग्राम, मुंबई और बेंगलुरु में उपलब्ध होगी, और इसकी डिलीवरी जून 2025 से शुरू की जाएगी। रिबेल 500 पारंपरिक डिज़ाइन और आधुनिक इंजीनियरिंग का अनूठा संगम प्रस्तुत करती है, जो भारतीय मोटरसाइकल प्रेमियों को एक खास राइडिंग अनुभव प्रदान करती है।

लॉन्च

लॉन्च की घोषणा करते हुए होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, 'हम भारत में विश्व स्तर पर प्रशंसित रेबेल 500 को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। इस बहुप्रतीक्षित क्रूज़र मोटरसाइकल को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, और हमें विश्वास है कि यह भारतीय राइडर्स को भी उतना ही पसंद आएगी। रेबेल 500 केवल एक मोटरसाइकल नहीं है — यह स्टाइल, परफॉर्मेंस और स्वतंत्रता का प्रतीक है। अपने अनूठे डिज़ाइन, दमदार प्रदर्शन और होंडा की विश्वसनीय इंजीनियरिंग के साथ यह देशभर के अनुभवी व नए राइडर्स के साथ गहराई से जुड़ाव बनाएगी।'



इस घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के निदेशक, सेल्स एवं मार्केटिंग श्री योगेश माथुर ने कहा, 'हम रेबेल 500 को भारतीय बाजार में लाकर बेहद रोमांचित हैं। यह वह मोटरसाइकल है जिसका दोपहिया प्रेमी वर्षों से बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे, और अब आखिरकार वह सपना साकार हुआ है। रेबेल 500 को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह आपकी व्यक्तिगत पहचान को उभारता है — यह पारंपरिक क्रूज़र स्टाइलिंग को आधुनिक विशेषताओं के साथ जोड़ता है, जिससे यह भीड़ से अलग दिखती है। अपने दमदार लुक, टॉर्की इंजन और आरामदायक एर्गोनॉमिक्स के साथ, यह मोटरसाइकल उन राइडर्स के लिए एकदम उपयुक्त है जो एक प्रभावशाली और आत्मा से जुड़ी मशीन की तलाश में हैं।'

भारत में ऑल-न्यू रेबेल 500 की पहली पेशकश एक सच्ची स्ट्रेट कस्टम स्टाइल के साथ हुई है, जो कालातीत डिज़ाइन को आधुनिक इंजीनियरिंग के साथ खूबसूरती से जोड़ती है। यह रेट्रो क्रूज़र लुक को समकालीन डिज़ाइन तत्वों के साथ प्रस्तुत करता है। रेबेल को एक पतली मोटरसाइकिल के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जिसमें केवल 690 मिमी की नीची सीट ऊंचाई है, जो इसे चलाने में आसान और कम गति पर भी संभालने में सहज बनाती है। रेबेल का ट्यूबलर स्टील फ्रेम नए और आधुनिक लुक के साथ स्ट्रिप्ड-बैक फैट टायर 'बॉबर' स्टाइल में ढला हुआ है।

## वीरांगना झलकारी बाई को राष्ट्रीय वीरांगना घोषित करने एवं प्रतिमा लगाने की मांग के समर्थन में कोली/कोरी समाज हुआ एकजुट

संवाददाता ● इंदौर

स्वतंत्रता संग्राम की अमर शहीद नायिका वीरांगना झलकारीबाई की प्रतिमा अन्नपूर्णा रोड़ स्थित दशहरा मैदान ग्राउंड के कार्नर पर लगाये जाने की मांग को लेकर कोली/कोरी समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों की वृहद बैठक झलकारी महासंघ के मालवा प्रांताध्यक्ष श्री ईश्वर लाल सनोटिया की अध्यक्षता में झलकारी बाई के प्रस्तावित प्रतिमा स्थल दशहरा मैदान ग्राउंड पर सम्पन्न हुई जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कहा कि अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ विगत 28 सालों से इन्दौर में झलकारी बाई की प्रतिमा लगाने की मांग करता आ रहा है, लेकिन स्थान का चयन नहीं होने के कारण हम भी इस मांग को गम्भीरता से नहीं ले पा रहे थे, चुकि अब स्थान का चयन हो चुका है और समाज के 15 से अधिक संगठनों की स्वीकृति हो चुकी है। ऐसे में अब हमें एकजुटता का परिचय देते हुए महापौर, क्षेत्रीय विधायक, एवं क्षेत्रीय पार्षद से मिलकर झलकारी जयंती 22 नवम्बर के पूर्व ही दशहरा मैदान ग्राउंड के कार्नर पर प्रतिमा लगे, इस प्रयास में सक्रियता से जुटना होगा।

मांग

उक्त विचार व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली ने बैठक में उपस्थित समाजबंधुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि झलकारी प्रतिमा लगाने एवं दशहरा मैदान दरगाह चौराहे का नाम करण करने के मांग के साथ ही हमने झलकारी बाई को राष्ट्रीय वीरांगना घोषित करने की मांग भी जोड़ी है। इसके लिए अब हमें अपनी संगठन शक्ति का परिचय देते हुए जनप्रतिनिधियों को भी हमारी मांग के आधार पर त्वरित निर्णय लेने के लिए प्रयास करने होंगें।

इस अवसर पर महावर विचार मंच के अध्यक्ष नंदराम मेहर ने कहा कि इन्दौर ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश में झलकारी महासंघ के माध्यम से जो प्रयास किए जा रहे हैं, उससे न केवल झलकारी बाई को लोग पहचानने लगे हैं, बल्कि उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए अनेक कार्यकम भी आयोजित होने लगे है। आदर्श स्नेह वस्त्रकार कोरी समाज के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि झलकारी बाई की प्रतिमा के लिए वर्षों से महासंघ प्रयासरत है, लेकिन अब इसमें भी कुछ स्वार्थी तत्व श्रेय की राजनीति कर अडंगे डालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन महासंघ के चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। सभी की हार्दिक मंशा है कि इन्दौर में झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापित हो।

## ये नियम रहे तो कृषकों को बहुत अधिक क्षति होगी



संवाददाता ● भोपाल

भोपाल हरदा जिले के कृषकों द्वारा ग्रीष्म वर्ष 2023-2024 में मूँग बीज का उर्पाजन बीज निगम केन्द्र हरदा पर किया गया है। बीज निगम द्वारा केवल 7500/- प्रति क्विंटल पर उर्पाजन घोषित किया गया है, जबकि अन्य सहकारी संस्था राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा कृषकों को राशि 9800/- क्विंटल का उर्पाजन दर घोषित किया गया है। ऐसे में कृषकों को बहुत अधिक क्षति होगी, जिसका भरपाई कृषक जीवन भर नही कर पायेगे।उपरोक्त समस्याओं के संबंध में बीज निगम से कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों से चर्चा हो चुकी है। परन्तु आज तक कोई ठोस कार्यवाही नही हो सकी है।उपरोक्त स्थिति को देखते हुए कृषक हित में मूँग का उर्पाजन दर राष्ट्रीय बीज निगम ने घोषित दर अनुसार राशि 9800/- प्रति क्विंटल उर्पाजन दर दिया जाना उचित रहेगा।

### मासिक एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम

## देश भर में छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए पीएनबी ने लॉच किया

एजेंसी ● नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपना व्यापक मासिक एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम पेश किया है। यह 20.05.2025 को आयोजित होने वाली एक देशव्यापी रणनीतिक पहल है जो पूरे भारत के एमएसएमई ग्राहको को अनुकूलित वित्तीय समाधान पेश करेगी। पीएनबी मासिक एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम एक ही मंच के तहत विशेष ऋण समाधानों को एक साथ लाएगा, जो आकर्षक ब्याज दरों और व्यवस्थित डाक्यूमेंटेशन आवश्यकताओं के साथ आवश्यक वित्तीय उत्पादों तक पहुंच प्रदान करेगा।

एमएसएमई विभिन्न प्रकार की विशिष्ट पेशकशों का लाभ उठा सकते हैं

**पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेसः** नकदी प्रवाह-आधारित योजनाओं के लिए तत्काल पात्रता जांच और सैद्धांतिक स्वीकृति




**पीएनबी ट्रेड ग्रोथः** व्यावसायियों के सहयोग के लिए अनुकूलित वित्तीय समाधान जीएसटी रिटर्न/खाते में क्रेडिट समेशन के आधार पर सरलीकृत मूल्यांकन के साथ और वित्तीय कागजात और स्टॉक स्टेटमेंट की कोई आवश्यकता नहीं

**एमएसएमई ऋणः** सभी आउटरीच स्थानों पर समर्पित डिजिटल ज़ोन के माध्यम से तत्काल ऑफर लेटर उपलब्ध हैं।

**पीएनबी एक्सपोर्ट एक्सप्रेसः** अपने निर्यात का विस्तार कर रहे एमएसएमई के लिए वित्तीय सहयोग 10 लाख रूपये से लेकर 50 करोड़ रूपये तक की सीमा में ऋण राशि के साथ

यह कार्यक्रम पात्र ग्राहकों को मौके पर परामर्श, तत्काल पात्रता जांच और सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करता है। सभी एमएसएमई ग्राहक और विशेष रूप से सूक्ष्म उद्यमी, बैंक जाए बिना हमारे डिजिटल चैनलों के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, मुद्रा ऋण और अन्य व्यावसायिक ऋण (जीएसटी एक्सप्रेस, जीएसटी सहाय, पीएबीएल) का भी लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए, पीएनबी के एमडी एवं सीईओ श्री अशोक चंद्र ने कहाः 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हमारे देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो रोजगार सृजन, औद्योगिक उत्पादन और निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हमारा मासिक एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम एमएसएमई और औपचारिक बैंकिंग प्रणालियों के बीच की दूरी को समाप्त करने का लक्ष्य रखता है, जिससे जमीनी स्तर पर वित्तीय सेवाएं अधिक सुलभ हो सकें।' ग्राहक अपनी निकटतम पीएनबी शाखा में जाकर, पीएनबी वन ऐप का उपयोग करके या बैंक की समर्पित हेल्पलाइनों पर संपर्क करके भी इन विशेष पेशकशों का लाभ उठा सकते हैं।

## दुल्हन की तरह सजा राजवाड़ा, कैबिनेट बैठक आज









कैबिनेट बैठक को लेकर राजबाड़ा पर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। आज कैबिनेट लेकर अगले दो दिन वाहनों के लिए प्रतिबंधित रहेगा।

### कैबिनेट बैठक के लिए आएं सीएम

# मंत्रियों के साथ सराफा चौपाटी भी गए

**संवाददाता ● इंदौर**

स्वतंत्र भारत में पहली बार राजवाड़ा में मोहन सरकार की कैबिनेट बैठक होने वाली है। 20 मई को राजवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने मंत्रिमंडल के साथ इंदौर सहित प्रदेश के विकास के कई अहम निर्णय लेंगे। बैठक प्रशासनिक दृष्टि से जितनी अहम है, उतनी ही सांस्कृतिक और विकासात्मक दृष्टि से भी इंदौर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिला प्रशासन ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। कैबिनेट बैठक के साथ-साथ प्रस्तावित विशेष कार्यक्रमों और शहर के प्रमुख स्थलों के दौरे की रूपरेखा भी तैयार है।

**तैयारियां**

महापौर पुष्य मित्र भार्गव एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के अनुसार सीएम डॉ. मोहन यादव 19 मई की रात को समस्त मंत्रिमंडल के साथ इंदौर आएंगे। इस दिन सीएम डॉ. मोहन यादव अपनी कैबिनेट के साथ लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में माता अहिल्या पर आधारित नाट्य मंचन भी देखेंगे। साथ ही सराफा बाजार चौपाटी भी जाएंगे। संभागायुक्त एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के प्रशासक श्री दीपक सिंह ने लता मंगेशकर आडिटोरियम पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट के अन्य सदस्यों के साथ सोमवार को सायंकाल यहाँ देवी अहिल्या पर केंद्रित नाटक का मंचन देखेंगे।

### विकास कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे

राजवाड़ा के गणेश हॉल में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी। मालवी भोजन, जिसमें दाल, बाटी चूरमा और छाछ शामिल हैं, रहेगा। राजवाड़ा क्षेत्र में 20 मई को सुबह 7 बजे से ट्रैफिक प्रतिबंधित रहेगा। राजवाड़ा मुख्य द्वार के बाहर मीडिया के लिए डोम में बैठने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सराफा बाजार चौपाटी का दौरा करेंगे। विकास कार्यों का निरीक्षण 20 मई को कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में चल रहे प्रमुख विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

### अस्थायी सचिवालय भी बनेगा

कैबिनेट बैठक के दौरान राजवाड़ा पर अस्थायी सचिवालय की स्थापना की जा रही है, जहां बैठक के संबंध में सभी प्रशासनिक गतिविधियां संचालित होंगी। सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस दल तैनात किए जाएंगे। मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त होंगे। शासन की विभिन्न योजनाओं और इंदौर के विकास की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सामने के गार्डन को भी संवारा जा रहा है।

### लोकमाता को श्रद्धांजलि अर्पित करने का पुण्य अवसर



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजवाड़ा में मंत्रि-परिषद की बैठक देवी अहिल्याबाई होल्कर के गौरवपूर्ण जीवन और उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक पुण्य अवसर होगा। उन्होंने कहा कि राजवाड़ा भवन का निर्माण कार्य श्रीमंत मल्हार राव जी होलकर महाराज द्वारा प्रारंभ किया गया था, जिसे लोकमाता अहिल्या बाई माता ने पूर्ण कराया था, उसी स्थल पर अब मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित कर उन्हें नमन किया जाएगा।

#### प्रतिबंधित मार्ग

राजवाडा की ओर आने-जाने वाले समस्त मार्गों पर वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

1. मृगनयनी से फ्रूटमार्केट ओर जाने वाला मार्ग
2. नंदलाल पुरा से फ्रूट मार्केट की ओर जाने वाला मार्ग
3. फ्रूट मार्केट से महालक्ष्मी मंदिर राजवाडा की ओर जाने वाला मार्ग
4. यशवंत रोड गुरूद्वारा से आईसीआईसीआई बैंक राजवाडा की ओर जाने वाला मार्ग
5. इमामवाडा से गोपाल मंदिर होते हुए राजवाड़ा की ओर
6. इमामवाडा चौक से रूप रंग ट्रेडर्स सुभाष चौक तक का मार्ग
7. सुभाष चौक से राजवाडा तांगा स्टैण्ड की ओर
8. महेश जोशी टी से राजवाडन तांगा स्टैण्ड
9. अर्पण नरसिंह होम से एमजी रोड पुलिस चौकी (गणेश केप मार्ट) की ओर का मार्ग
10. अर्पण मेडिकल स्टोर से पीरगली गणेश कैप मार्ट की ओर का मार्ग
11. राम बाग चौराहे से दोना पत्तल गली तिलक पथ टी की ओर का मार्ग
12. नेताजी सुभाष मार्ग पालीवाल धर्मशाला से हेमिल्टन मार्ग होते हुए पोरवाल ड्रेसेस तक
13. राजवाडा तांगा स्टैण्ड से गणेश केप मार्ट होते हुए हेमिल्टन रोड तक
14. एमजी रोड थाना पुलिस चौकी राजवाडा बगीचे के सामने से होते हुए अन्ना पान भण्डार से महालक्ष्मी मंदिर तक पूर्णतः नो व्हीकल जोन रहेगा।

### परिवर्तित डायवर्सन मार्ग

राजवाडा के पास नो व्हीकल जोन होने के कारण समस्त नागरिकों से अपील है कि कृपया जवाहर मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे।

1. एयरपोर्ट की ओर जाने वाले समस्त यात्रीगण विजय नगर सुपर कोरिडोर मार्ग का उपयोग करें।
2. गंगवाल बस स्टैण्ड की ओर जाने वाले सभी यात्रीगण मृगनयनी, नगर निगम, गंगवाल बस स्टैण्ड की ओर जाने वाले सभी यात्रीगण मृगनयनी, नगर निगम, रामबाग, जिंसी, बडवाली चौकी मार्ग का प्रयोग करें।
3. गंगवाल बस स्टैण्ड की ओर जाने वाले यात्रीगण संजयसेतू, चंद्रभागा, पंढरीनाथ थाने के सामने से हरसिद्धि. कलेक्ट्रेट महुनाका से गंगवाल की ओर जा सकेंगे।
4. राजमोहल्ला अंतिम चौराहे की ओर जाने वाले वाहन मच्छी बाजार वियाबानी नरसिंह बाजार मार्ग का उपयोग करेंगे।
5. सभी तरह की बसें संजय सेतु से जवाहर मार्ग की ओर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

### पार्किंग स्थल

राजवाडा क्षेत्र में आने वाले समस्त अगंतुक एवं व्यापारीगण अपना वाहन निम्नलिखित स्थानों पर पार्क कर सकेंगें-

1. पुराना थाना एम जी रोड के बगल में बनी बहुमंजिला पार्किंग में
2. सुभाष चौक बहुमंजिला पार्किंग
3. संजय सेतु पार्किंग
4. संजय सेतु के पास नगर निगम पार्किंग

आम जनता से अपील की जाती है, कि कृपया प्रतिबंधित क्षेत्र नो व्हीकल जोन में आने से बचे, परिवर्तित मार्ग व अन्य शहरी मार्ग का प्रयोग कर अपने गंतव्य तक पहुचें।

## चोइथराम नेत्रालय आंख के कैंसर का फ्री इलाज करने वाला पहला अस्पताल बना

**पहले मरीजों को जाना पड़ता था चेन्नई या हैदराबाद**

**संवाददाता ● इंदौर**




चोइथराम नेत्रालय श्रीराम तलावली में आंखों के कैंसर (रेटीनोब्लास्टोमा) से जूझते बच्चों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन चोइथराम नेत्रालय, CanKids KidsCan और डॉ. श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए चोइथराम नेत्रालय के जॉइन्ट मेडिकल डायरेक्टर डॉ. धैवत शाह ने बताया कि यहां पर ऑकुलर ऑन्कोलॉजी विभाग में बच्चों के आंखों के कैंसर का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। यह मध्य प्रदेश का एकमात्र सेंटर है जहां इस बीमारी का समर्पित और मुफ्त उपचार उपलब्ध है। इससे पहले मरीजों को इलाज के लिए चेन्नई या हैदराबाद जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था।

**रेटीनोब्लास्टोमा का इलाज है बहुत महंगा-** डॉ. शाह ने कहा कि रेटीनोब्लास्टोमा का इलाज बहुत महंगा होता है और आर्थिक रूप से अभिभावकों के लिए चुनौतीपूर्ण रहता है, लेकिन चोइथराम नेत्रालय में इस इलाज के प्रारंभ होने से इंदौर ही नहीं, प्रदेशभर के बच्चों को राहत मिल रही है। कार्यशाला की शुरुआत चोइथराम ट्रस्ट के एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी अश्विनी वर्मा , डॉ. धैवत शाह और डॉ. सुरभि साबू द्वारा की गई। कार्यक्रम में डॉ. सीमा दास ने बच्चों में सफेद रिफ्लेक्स और रेटीनोब्लास्टोमा के लक्षणों की पहचान पर चर्चा की, जबकि डॉ. अमिता महाजन ने इसके वर्तमान इलाज और उससे जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। अश्विनी वर्मा (एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी) और डॉ. टीना दमानी (संयुक्त चिकित्सा निदेशक) ने सभी प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी ने अपने ज्ञान और अनुभव साझा कर चर्चाओं को वास्तव में समृद्ध किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य समय पर पहचान, सुलभ इलाज और बेहतर देखभाल के माध्यम से रेटिनोब्लास्टोमा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़े विशेषज्ञों, संस्थाओं व सामाजिक संगठनों को एक साझा मंच प्रदान करना रहा।

## आज शाम को सीएम करेंगे चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

**संवाददाता ● इंदौर**

भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी इंदौर द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में अभी तक संपन्न हुई कैबिनेट बैठकों के प्रमुख विकासात्मक निर्णयों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज शाम 6 बजे राजबाड़ा पर करेंगे।

*नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि इंदौर की आम जनता के लिए चित्रमय में प्रदर्शनी लगाई गई है, गर्मी के मौसम को देखते हुए विशेष रूप से एयर कूल्ड पंडाल लगाया गया है, जिसमें विभिन्न चरणों में प्रदेश सरकार के जनहितेषी निर्णय व विकास को प्रदर्शित किया गया है।

प्रमुख निर्णयों को विभाग स्तर पर भी प्रदर्शित किया गया है। समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, गरीब कल्याण, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इंदौर को दी गई विकास की प्रमुख सौगातो का विशेष वर्णन है। उल्लेखनीय है,की प्रदर्शनी में सुशासन की प्रतीक देवी अहिल्या जी के चित्रों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**आरोपी ने कहा था- पसंद करता हूं, शादी भी करूंगा बाद में बोला- शुरू से मन नहीं था**

**संवाददाता ● इंदौर**



इंदौर में 19 साल की युवती से शादी का झांसा देकर रेप का मामला सामने आया है। आरोपी से पीड़िता की 2 साल पहले से दोस्ती थी। छत्रीपुरा पुलिस ने इलाके में रहने वाली युवती की शिकायत पर मेवाती मोहल्ला निवासी टोकीर शेख के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि वह घरेलू काम करती है। पढ़ाई छोड़ दी। टोकीर मेरे घर के पास मैकेनिक का काम करता है। इस दौरान उससे जान पहचान हो गई। एक-दूसरे से मोबाइल पर बात होने लगी। टोकीर ने एक दिन कहा कि वह मुझे पंसद करता है और शादी करना चाहता है। टोकरी एकबार अगस्त 2024 में मुझे गंगवाल बस स्टैंड के पास याशिका होटल लेकर गया। यहां शादी की बात करते हुए संबंध बनाए, फिर हम कई बार मिले। 13 मई 2025 को टोकरी ने मधुमिलन के पास मिलने बुलाया। उससे कारण पूछा तो बोला की शादी की बात करना है जब जहां पहुंची तो उसने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद भी टोकीर को मोबाइल पर कई बार समझाने की कोशिश की। लेकिन, उसका कहना था कि उसका शुरू से ही शादी का मन नहीं था।

## कैबिनेट के आगमन से पहले महापौर ने किया जू का निरीक्षण

**संवाददाता ● इंदौर**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने प्रदेश की कैबिनेट की प्रस्तावित इंदौर यात्रा के दृष्टिगत, संबंधित कार्यक्रम स्थलों का अंतिम निरीक्षण प्रारंभ कर दिया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा सम्पूर्ण कैबिनेट इंदौर स्थित प्राणी संग्रहालय का भी भ्रमण करेंगे। महापौर भार्गव ने एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर प्राणी संग्रहालय की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने बताया कि "मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का वन्यजीवों के प्रति प्रेम सर्वविदित है और वे सदैव इनके संरक्षण को लेकर संवेदनशील रहे हैं। इसी भावना के अंतर्गत वे कल सम्पूर्ण कैबिनेट के साथ प्राणी संग्रहालय का भ्रमण करेंगे।"

**निरीक्षण**



महापौर ने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्र यादव इंदौर के वन्यजीव प्रेमियों के लिए विशेष रूप से 'किंग कोबरा' को संग्रहालय में लाने की सौगात देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि "महापौर होने के नाते मैं इस पहल का अभिनंदन करता हूँ। यह इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है। भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए महापौर ने यह भी बताया कि प्राणी संग्रहालय में आगामी समय में 14-डी थिएटर एवं फिश एक्वेरियम की भी शुरुआत की जाएगी, जिससे यहाँ आने वाले लाखों पर्यटकों को और भी रोचक अनुभव प्राप्त होगा।

# क्या जीपीएस हमारे दिमाग के नेविगेशन सेंटर्स को क्षति पहुंचा रहा है?

जब तुम घाटकोपर (मुंबई) में पश्चिम से पूर्व की ओर जाते रेलवे ब्रिज को पार करोगे, तो एकदम बाईं ओर एक वनवे टर्न दिखेगा, मुझे लगता है तुम्हें पता होगा।ह्ल मेरी पत्नी को डॉक्टर के यहां ले जा रहे ड्राइवर को मैं ये बता रहा था। ड्राइवर ने हामी में सिर हिलाया। मैं आगे बताने लगा, ह्लउसी वन-वे पर 500 मीटर आगे तुम राइट टर्न लेना और फिर 50 मीटर बाद एक लेफ्ट टर्न आएगा। याद रखना, वहां दो लेफ्ट टर्न एक-दूसरे के बगल में है और अगर तुम मिस हो गए तो ...ह्ल तभी अचानक हाथ में मेडिकल फाइल्स लिए मेरी पत्नी आईं और ड्राइवर से बोलीं, तुमने अब तक गाड़ी नहीं निकाली, जल्दी निकालो, हम लेट हो रहे हैं। पत्नी मेरी ओर देखकर बोलीं, जीपीएस जैसी मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना सीखो और पैनिक करना बंद कर दो। इसके बाद दोनों निकल गए और इस चक्कर में काम की बात नहीं सुनी, जहां मिस शब्द अचानक खत्म हो गया था।

मैं बताना चाह रहा था, ह्लअगर पहला मोड़ मिस कर दिया तो दूसरा टर्न डेड एंड है और 3 किमी लंबा रूट लेकर वापस वहीं आना पड़ेगा। इसलिए पहला बायां मोड़ मिस मत करना, जहां अक्सर गन्ने के रस वाले खड़े रहते हैं, जिससे यह मोड़ नजर नहीं आता। ऐसा नहीं था कि उन्होंने धैर्य में कमी के चलते मेरी सलाह के अतिरिक्त 44 शब्द नहीं सुने या इससे अपॉइंटमेंट का समय मिस हो गया, बल्कि इसलिए क्योंकि अब जेब में हर समय जीपीएस होने से ड्राइवर्स के रास्ता खोजने वाले हुनर में बड़ा बदलाव आया है। वैज्ञानिक हमारी आंतरिक मानसिक स्थिति की जांच के लिए लंबे समय से नेविगेशन चैलेंज का इस्तेमाल करते आए हैं। साल 1948 में एडवर्ड टोल्मन द्वारा किए प्रसिद्ध (रेट्स इन मेजेस) अध्ययन से कॉग्निटिव मैप्स अवधारणा ईजाद हुई, जो कि दिमाग के नेविगेशनल केंद्र की बात करती है। अध्ययन में पता चला कि कैसे चूहों ने साधारण से लेफ्ट और राइट को याद रखते हुए भूलभुलैया में आगे रास्ता ढूंढा। टोल्मन ने दिखाया कि कैसे शॉटकर्ट रास्ते तैयार करने के बावजूद चूहों ने सही डायरेक्शन लिया।

यह बताता है कि उन्हें कुछ-कुछ अंदर से

> **यही कारण है कि जीपीएस उपयोगकताओं में धीरे-धीरे अधिक निष्क्रियता, ऑटोमेटिक मोड और मेमोरी लॉस हो रहा है। भविष्य में, शायद अगर ड्राइवर्स को अपनी नौकरी जारी रखना है, तो उन्हें इसलिए नहीं रखेंगे कि उनके पास नेविगेशन का हुनर है, जिसे हम डायरेक्शन सेंस कहते हैं, बल्कि इसलिए रखेंगे क्योंकि किसी खास इलाके में पार्किंग नहीं मिलेगी और उन्हें वहां गाड़ी संभालने के लिए मौजूद रहना होगा। फंडा यह है कि हम दुनिया से जिस तरह से पेश आ रहे हैं या बात करते हैं, नेविगेशनल दक्षता उसका पहला सिग्नल है।**

अदाजा रहा है कि वे कहां हैं और कहां जाना चाहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे मस्तिष्क के एक क्षेत्र, जिसे हिप्पोकैम्पस कहा जाता है, उसमें हमारे पास प्लेस सेल्स होते हैं, जो केवल तब न्यूरॉन्स फायर (एक तरह के इलेक्ट्रिकल सिग्नल) भेजते हैं, जब हम किसी विशेष स्थान पर होते हैं। हमारे पास विशेष न्यूरॉन्स भी होते हैं जो दिशाओं का ट्रैक करते हैं। टोल्मन के अध्ययन में, शोधकताओं ने चूहे के दिमाग को वायर्ड किया, इसमें उन्होंने पाया कि वह अपने मस्तिष्क में एन्कोडेड मानचित्र की बाहरी रेखाओं का अनुसरण करते हुए यह उस भूलभुलैया में आगे बढ़ता है और तब हम देख सकते हैं कि यह कैसे लगातार एक के बाद एक न्यूरॉन्स फायर काम करना शुरू कर देता है। इन अध्ययनों ने स्थापित किया कि हिप्पोकैम्पस मस्तिष्क में नेविगेशन के संबंध में स्थानिक स्मृति रखता है। शोधकताओं का दावा है, उनके पास मौजूद शोध निष्कर्ष साबित करते हैं कि नेविगेशन के लिए अपने दिमाग का इस्तेमाल करने वालों की तुलना में जो लोग जीपीएस जैसी किसी सुविधा पर हमेशा ही निर्भर रहते हैं, उनके हिप्पोकैंपस में संकुचन नजर आया है। सक्रिय रूप से जानकारी प्राप्त करने और उसी जानकारी को निष्क्रिय होकर प्राप्त करने के बीच में फर्क पर, पर्याप्त मात्रा में वैज्ञानिक शोध उपलब्ध हैं।

यही कारण है कि जीपीएस उपयोगकताओं में धीरे-धीरे अधिक निष्क्रियता, ऑटोमेटिक मोड और मेमोरी लॉस हो रहा है। भविष्य में, शायद अगर ड्राइवर्स को अपनी नौकरी जारी रखना है, तो उन्हें इसलिए नहीं रखेंगे कि उनके पास नेविगेशन का हुनर है, जिसे हम ह्लडायरेक्शन सेंसह्ल कहते हैं, बल्कि इसलिए रखेंगे क्योंकि किसी खास इलाके में पार्किंग नहीं मिलेगी और उन्हें वहां गाड़ी संभालने के लिए मौजूद रहना होगा। फंडा यह है कि हम दुनिया से जिस तरह से पेश आ रहे हैं या बात करते हैं, नेविगेशनल दक्षता उसका पहला सिग्नल है। क्या आप वाकई चाहते हैं कि जीपीएस आपकी जिंदगी की गाड़ी को राह दिखाए या ह्लप्लेस सेल्सह्ल संकुचित हो जाएं? इसके बारे में सोचें।

## संत वचन

मसीह में प्यारे भाइयों और बहनों, आज जब हम सबने पवित्र शास्त्र के वचनों को सुना, तो हम सभी को याद दिलाया गया कि हम में से हर एक को ईसाई होने के नाते, परमेश्वर के पवित्र और प्रिय लोगों के रूप में, अपने प्यारे परमेश्वर और उद्धारकर्ता, प्रभु की शिक्षाओं का पूरे दिल से पालन करना जारी रखना चाहिए, जिन्होंने अपने पुत्र, यीशु मसीह के माध्यम से हमारे प्रति अपना प्रेम प्रकट किया है, अपने प्रेम को हमारे प्रति पूर्ण रूप से और उस तरीके से प्रकट किया है जो हमारे लिए मूर्त और सुलभ है, ताकि हम उनके प्रेम और उद्धार से लाभान्वित हो सकें, और हम अपने जीवन की यात्रा में उनके हमेशा धैर्यपूर्ण मार्गदर्शन और सहायता के बारे में अक्सर इन सभी के कारण अपने मंत्रालय के दौरान बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि प्रभु ने उन फरीसियों की आलोचना की और उन्हें उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई,

# नौकरियों के बाजार में मानवीय गुणों का मूल्य सबसे ज्यादा है!

पिछले हफ्ते की बात है। भोपाल में एक कॉलेज के स्टूडेंट्स ने ढोल-ताशे वालों को बुलवाया और कॉलेज परिसर के बाहर डांस कर रहे थे, क्योंकि ये उनकी परीक्षा का आखिरी दिन था। हर कोई एक-दूसरे की वाइट शर्ट पर कुछ संदेश लिखकर साइन कर रहा था, मानो अब फिर कभी नहीं मिलेंगे। उनमें से एक स्मार्ट-से छात्र ने एक जोक मारा- ह्लएक नौजवान युवती ट्रेन में चढ़ी और देखा कि एक व्यक्ति उसकी सीट पर बैठा है। उसने अपनी टिकट देखी और कहा, सर, आप शायद मेरी सीट पर बैठे हैं। उस व्यक्ति ने जेब से टिकट निकाली और चिल्लाते हुआ कहा, ध्यान से देखो! ये मेरी सीट है! क्या तुम अंधी हो? लड़की ने ध्यान से अपनी टिकट देखी और बहस बंद करके चुपचाप बगल में खड़ी हो गई। जब ट्रेन चलना शुरू हो गई, तब वो मुड़ी और कहा, ह्लसर, आप गलत सीट पर नहीं हैं, गलत ट्रेन में हैं। ट्रेन देवास जा रही है और आपकी टिकट होशंगाबाद की है।ह्ल

## एडिट.नोट

इससे पहले कि जोक सुनाने वाला अपने चेहरे के भाव व्यक्त कर पाता, स्टूडेंट्स की भीड़ जोर से हंसने लगी, अपनी बुद्धिमानी पर पीठ थपथपाई और फिर से डांस करने लगी, जैसे उन्होंने जिंदगी का कोई गोल्डन टिकट जीत लिया हो।

और मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि वहां डांस कर रहे अधिकांश स्टूडेंट्स को यह तक नहीं पता था कि ग्रेजुएट होने के बाद जब उनके हाथ में डिग्री होगी, तब उसके बाद क्या करना है। ये वही स्टूडेंट्स हैं, जिन्हें तीन-चार साल पहले बताया गया था कि अगर वे उनकी यूनिवर्सिटी में दाखिला लेंगे, तो दुनिया उनके कदमों पर होगी! पर हकीकत कोसों दूर है। ये साल को वो समय है, जब हमें लगता है कि नौजवान बच्चे घोंसलों से उड़ जाएंगे, जबकि वे घर आकर आराम कर रहे होते हैं। रिजल्ट घोषित होने और उन्हें नौकरियां मिलने से पहले ऐसा हर ही साल होता है। हालांकि विश्वविद्यालयों में परीक्षाएं खत्म हो गई हैं, लेकिन उन्हें पता ही नहीं कि असल जिंदगी की परीक्षा तो अब शुरू हो रही है। वे इस बात से अनजान हैं कि किसी अच्छी यूनिवर्सिटी से पिछले साल अच्छी-खासी डिग्री लेने के बाद भी उनके जैसे कई युवा, जिन्होंने हर रिंग (सर्कस में इस्तेमाल होने वाला बड़ा छल्ला) को आज्ञाकारी रूप से कूदकर पार किया है, वे अभी भी कुछ गिग नौकरियां कर रहे हैं और बड़ी कंपनियों में नौकरी हासिल नहीं कर पाए हैं। यह जाने बिना कि ये कंपनियां केवल सीवी फिल्टर करने के लिए नहीं बल्कि शुरूआती स्क्रीनिंग इंटरव्यू के लिए भी एआई का इस्तेमाल कर रही हैं, वे बस हताश होकर इन कंपनियों में आवेदन कर रहे हैं।

कल्पना करें कि आप एक वेबकैम के सामने अकेले बैठे हैं, और एक ऐसा बॉट आपका मूल्यांकन कर रहा है, जिसके साथ आप हाथ भी नहीं मिला सकते। दिलचस्प बात यह है कि पहली मुलाकात हमेशा एआई बनाम एआई होती है। हां, क्योंकि छात्र अपने रिज्यूम बनाने के लिए चैट जीपीटी का प्रयोग कर रहे हैं और कंपनियां इसे समझने के लिए बॉट का उपयोग कर रही हैं। और यह भर्ती को सुगम नहीं बना रहा, बल्कि उल्टा हो रहा है। कंपनियां उन सीनियर्स का समय बचाना चाहती हैं, जो पहले आराम से सीवी चांज लेते थे। इसलिए उन्होंने ये रूटीन काम एआई को सौंप दिए हैं। और माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया के कारण ही कम वेतन वाली शुरूआती स्तर की नौकरियों जैसे देखभाल या कंज्यूमर टच पॉइंट जैसे काम आदि के लिए लोग नहीं मिल रहे, क्योंकि एआई मानवता, सहानुभूति और करुणा को नहीं देख सकती। इसलिए अब कंपनियों को, सीवी या रिज्यूम को सीनियर्स द्वारा फिल्टर करने की अपनी पुरानी व्यवस्था में लौटना होगा, ताकि वे एआई से अधिक तेजी से कम वेतन वाली रिक्तियों को भर सकें। और इसी समय, युवा आवेदकों को अपने सीवी बनाने में एआई का कम से कम उपयोग करना चाहिए। फंडा यह है कि नौकरी खोजने वालों को अपने अंदर दया- करुणा विकसित करनी चाहिए ताकि दुनिया में फैली निष्ठुरता का मुकाबला कर सकें, वहीं नियोक्ताओं को भी पहले इंटरव्यू में उनसे व्यक्तिगत मुलाकात करनी चाहिए, ताकि उनके अंदर के मजबूत पक्ष व मानवीय गुण देख सकें। नहीं तो एआई दोनों को कंफ्यूज कर देगी- नियोक्ताओं को भी, नौकरी चाहने वालों को भी।

एन. रघुरामन - लेखक

# जीवन में कभी-कभी परिपूर्णता से भी पीड़ा क्यों होती है?

इस सप्ताह मैं अपने एक मित्र के घर गया, जिनकी बच्ची ने परीक्षा में 95% अंक हासिल किए थे। जब हम बातचीत कर रहे थे, तब उनकी सबसे बड़ी बेटी उनके दोमंजिला मकान की पहली मंजिल से उतरकर आई, मेरा अभिवादन किया और यह कहते हुए बाहर चली गई कि ह्लमैं आज रात को देर से घर आऊंगी। मेरा इंतजार मत करना, डिनर भी बाहर करूंगी।ह्ल जब तक उसकी मां पूछ पाती कि कितनी देर, वह बाहर निकल चुकी थी। बंद दरवाजे के पीछे से उसका अस्पष्ट जवाब सुनाई दिया कि ह्लखुद मुझे नहीं पता, लेकिन रेस्तरां के डिनर पर पहुंचते ही आपको बता दूंगी।ह्ल मैंने देखा कि जिन माता-पिता का चेहरा कुछ क्षण पहले तक चमक रहा था, वह अचानक फीका पड़ गया।

मुझे याद आया कि छह वर्ष पहले जब उनकी यही बेटी स्कूल में बहुत अच्छे अंक लेकर आई थी और तमाम अखबारों में उसका नाम आया था, तब भी मैं उनके घर गया था। उस वक्त वह माता-पिता से गुहार लगा रही थी कि ह्लप्लीज क्या मैं जा सकती हूं?ह्ल उसकी छोटी बहन भी मां-पिता से उसकी सिफारिश कर रही थी कि ह्लउसे जाने दीजिए, मम्मा। आज वही बच्ची घर में घोषणा कर रही है कि मैं देर से आऊंगी और यह भी नहीं बता रही है कि वह कहां जा रही है। आपमें से बहुत-से माता-पिता बढ़ते बच्चों के बोलने के लहजे में धीरे-धीरे आ रहे इस बदलाव पर सहमत होंगे। ऐसा नहीं कि बच्ची बिगड़ गई है। वह अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर एक प्रतिष्ठित अस्पताल में इंटर्न के तौर पर काम कर रही है। हम बात कर ही रहे थे कि अचानक डोरबेल बजी। मां ने दरवाजा खोला। सामने रहने वाले एक पड़ोसी ने पूछा कि क्या डॉक्टर घर पर है? मां ने गर्व से कहा कि ह्लनहीं, शिवानी (परिवर्तित नाम) अभी-अभी बाहर गई है। वह रात को भी देर से आएगी।

मैं साफ देख पा रहा था कि मां भीतर से इस बात को नकार रही हैं कि जो बच्ची कल तक खांसी में भी आइसक्रीम खाने की जिद करती थी, वह आज माता-पिता को आइसक्रीम नहीं खाने की हिदायत देने लगी है। डिजाइनर हेयर क्लिप लगाने से पहले अनुमति मांगने वाली वही बच्ची आज अपनी मां से यह तक नहीं पूछती कि मैं कैसी लग रही हूं? माता-पिता उसे आज भी उसी बच्ची की तरह देखते हैं, जो कभी उनसे सुरक्षा और अनुमति की तलाश करती थी। यही कशमकश उनके दुःख का कारण बन रही थी। बच्ची का लहजा नहीं बदल गया था, वह एक दूसरे मुकाम पर चला गया था। लेकिन माता-पिता के रूप में हम दूसरे मुकाम पर नहीं जा पाते और अपने जीवन में लेटिंग गो वाला सबक नहीं सीख पाते। जब मेरे माता-पिता मेरी और बहन की परवरिश कर रहे थे तो मैंने अपने हाथों से बहन की चोटी करना सीखा। यह मैंने अपनी बेटी के लिए भी जारी रखा। आज उसने जब अपनी अमेरिकी जीवन-शैली के अनुसार बाल छोटे करा लिए हैं तो मुझे न सिर्फ दिल, बल्कि हाथों में भी दर्द होता है। जब वह वीडियो कॉल पर अपनी नई हेयरस्टाइल बताती है तो मेरे भीतर के पहले वाले पिता मुझे अलमारी तक ले जाते हैं और पुरानी एलबम निकालकर उसकी स्कूल यूनिफॉर्म वाली उन तस्वीरों को निहारने पर विवश कर देते हैं, जिनमें वह लंबे बालों में थी।

मेरे भीतर के पहले वाले पिता ने अभी तक पीछे हटने का सबक नहीं सीखा है। मैं आज भी सोचता हूं कि मैं सुपर फादर हूं। मुझे पता है कि यह नासमझी है, फिर भी मैं उन अपेक्षाओं को मिटा नहीं पाता। कई पैरेंट्स इसे स्वीकारेंगे कि जब बच्चे उनकी सहायता के बिना स्वतंत्र रूप से निर्णय करने लगते हैं तो कितनी भावनात्मक पीड़ा होती है। मेरा विवेकशील दिमाग अकसर मुझसे कहता है कि अब वह बड़ी हो गई है, वह विवाहित है और यह साबित करना चाहती है कि वह मेरे बिना भी निर्णय कर सकती है या शायद वह ऐसी छोटी-छोटी चीजों के लिए अब मुझे परेशान नहीं करना चाहती कि क्या उसका नेलपेंट उसकी ड्रेस पर फबता है या नहीं?

फंडा यह है कि हमें थोड़ा पीछे हटकर अपने बढ़ते बच्चों को उनके निर्णयों के लिए स्वतंत्र छोड़ना चाहिए। यही जीवन के चक्र को पूरा करता है और इसी का नाम परिपूर्णता है। यदि इससे हमको पीड़ा होती है तो इसके लिए हमारे बच्चे नहीं, हम जिम्मेदार हैं।

## बिजनेस

# सरकार ने बांग्लादेशी सामानों पर नए प्रतिबंध लगाए: भारत के कपड़ा मार्केट को फायदा



**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश से होने वाले आयात पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इस कदम से बांग्लादेश की पहले से ही कमजोर अर्थव्यवस्था पर और दबाव पड़ने की संभावना है। भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने 17 मई को इसकी घोषणा की। इस कदम को दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव और बांग्लादेश की हालिया नीतियों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

सवाल 1: भारत ने बांग्लादेश पर कौन से नए आयात प्रतिबंध लगाए हैं? जवाब: भारत ने बांग्लादेश से कई उपभोक्ता सामानों के आयात पर लैंड बॉर्डर के माध्यम से रोक लगा दी है। इनमें शामिल हैं:

शर्ट, पैंट, टी-शर्ट जैसे रेडीमेड गारमेंट्स बिस्किट, चिप्स, कनफेक्शनरी, स्नैक्स प्रोसेस्ड फूड आइटम

काबोर्नेटेड और एनर्जी ड्रिंक्स बाल्टी, खिलौने, कुर्सियां जैसे प्लास्टिक उत्पाद कॉटन वेस्ट और इंडस्ट्रियल ग्रेड कॉटन बाय प्रोडक्ट सोफा, बेड, टेबल, कुर्सियां जैसे लकड़ी के फर्नीचर ये सामान अब नॉर्थ-ईस्ट (असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम) और पश्चिम बंगाल के लैंड कस्टम स्टेशनों (छउर) या इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट्स (क्उढ) जैसे पेट्रापोल (पश्चिम बंगाल), सुतरकंडी (असम), या डॉकी (मेघालय) जैसे लैंड पोर्ट्स के माध्यम से भारत में प्रवेश नहीं कर सकते। इसके बजाय, बांग्लादेश को मुंबई के नवा शेवा पोर्ट या कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट के माध्यम से समुद्री रास्ते का उपयोग करना होगा। हालांकि, कुछ आवश्यक वस्तुओं जैसे मछली और समुद्री भोजन, छढॠ एडिबल ऑयल और क्रस्ट स्टोन पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। साथ ही, नेपाल और भूटान को बांग्लादेश के माध्यम से भेजे जाने वाले सामान पर भी कोई रोक नहीं लगाई गई है, क्योंकि भारत इन देशों के साथ फ्रेंडली रिलेशन बनाए रखना चाहता है।यह कदम बांग्लादेश की हालिया व्यापार नीतियों के जवाब में देखा जा रहा है। अप्रैल 2025 में, बांग्लादेश ने भारतीय यार्न (धागा) आयात पर लैंड पोर्ट्स के माध्यम से प्रतिबंध लगाए और बेनापोल-पेट्रापोल चेकपोस्ट पर भारतीय ट्रकों के लिए कस्टम क्लियरेंस में लगने वाला समय बढ़ाकर नॉन-टैरिफ बैरियर्स क्रिएट किए।

इनका उद्देश्य भारतीय उत्पादों को बांग्लादेश में प्रवेश करने से रोकना था। इसके अलावा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के भारत-विरोधी बयान, खासकर नॉर्थ-ईस्ट को लेकर चीन में दिए बयान ने भारत को यह कदम उठाने के लिए प्रेरित किया।

### राज-काज

## शादियों के सीजन में कम हुई सोने की चमक

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के बाजारों में जारी नरमी के चलते बुधवार को एक बार फिर सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 659 रुपये गिरकर 96,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले मंगलवार को सोने की कीमतों में 950 रुपये की बढ़त देखने को मिली थी। वहीं बुधवार को भी चांदी की कीमत 1,450 रुपये गिर गई।ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये की गिरावट के साथ 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले कारोबारी सत्र में 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।बाजार विषेशज्ञों का कहना है कि जैसे-जैसे प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका के साथ व्यापार समझौते कर रही हैं।

# इस साल जनवरी से अब तक सोना 17,623 रुपए महंगा:सोना-चांदी की चमक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 19 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,484 बढ़कर 93,785 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 92,301 प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी का भाव 1,149 बढ़कर 95,755 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 94,606 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,660 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,510 रुपए है। कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 87,550 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 95,510 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,510 रुपए है। भोपाल: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,560 रुपए है।

इस साल अब तक 17,623 रुपए महंगा हो चुका है सोनाइस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 17,623 रुपए बढ़कर 93,785 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 9,738 रुपए बढ़कर 95,755 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

साल के आखिर तक 1.10 लाख तक जा सकता है सोनाइस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है।

ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (इक्र) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी लवक्क कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- अे4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।



नई दिल्ली के सरोजिनी नगर मार्केट में सड़क किनारे विक्रेताओं से सामान खरीदते ग्राहक। एक स्थानीय व्यापारी ने रविवार को बताया कि सरोजिनी मार्केट इलाके में फुटपाथों से करीब 150 से 200 'अनधिकृत' दुकानें और स्टॉल हटा दिए गए हैं।

# भूटान का सबसे बड़ा सोलर पावर प्रोजेक्ट बनाएगी रिलायंस पावर

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर भूटान का सबसे बड़ा सोलर पावर प्रोजेक्ट बनाएगी। 500 मेगावाट (टह) का यह प्रोजेक्ट भूटान की कंपनी के साथ मिलकर 50:50 जॉइंट वेंचर में डेवलप किया जाएगा। इसपर करीब 2000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह प्रोजेक्ट भूटान के सोलर सेक्टर में अब तक का सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर का फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट होगा।

रिलायंस पावर ने भूटान की कंपनी ड्रुक होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (ऊऌक) के स्वामित्व वाली ग्रीन डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड (ॠऊछ) के साथ टर्म शीट साइन की है। इस प्रोजेक्ट को अगले 24 महीनों में चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस खबर के सामने आने के बाद रिलायंस का शेयर 3% से ज्यादा चढ़ गया। हालांकि ये 1.24% चढ़कर 45.63 रुपए पर बंद हुआ। एक साल में कंपनी का शेयर 70% से ज्यादा चढ़ चुका है।कंपनी ने एक बयान में कहा, 'रिलायंस पावर की टोटल क्लीन एनर्जी पाइपलाइन सोलर सेगमेंट में 2.5 गीगावाट पीक पर है, जो इसे इंटीग्रेटेड सोलर एंड बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम सेगमेंट में भारत की सबसे बड़ी कंपनी बनाती है।'

कंपनी ने कहा कि बिजली को एक लॉन्ग-टर्म एग्रीमेंट के जरिए ग्रीन डिजिटल को बेचा जाएगा। रिलायंस पावर ने प्रोजेक्ट का काम शुरू करने के लिए कॉम्पिटेटिव बिडिंग प्रोसेस के जरिए कॉन्ट्रैक्टर्स की खोज शुरू कर दी है।

बीते दिनों सब्सिडियरी कंपनी को सोलर एनर्जी ऑर्डर मिला था रिलायंस पावर की सहायक कंपनी रिलायंस एनयू एनर्जीज ने बीते दिनों रखश्ठ की टैरिफ आधारित कॉम्पिटिटिव बिडिंग प्रोसेस में सबसे बड़ा अलॉकेशन जीता था।कंपनी को 350 मेगावाट सौर उत्पादन क्षमता के साथ 175 मेगावाट/700 टहँ बैटरी एनर्जी स्टोरज सिस्टम का आवंटन हासिल हुआ था।

सरकारी कंपनी रखश्ठ लिमिटेड की कॉम्पिटिटिव बिडिंग प्रोसेस एक स्ट्रक्चर्ड और ट्रांसपैरेंट मेथड है। इसका उपयोग सोलर, विंड-सोलर हाइब्रिड या हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट जैसी रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए गुड्स, सर्विसेज की खरीद या डेवलपर्स का चयन करने के लिए किया जाता है। कंपनी ने वित्त वर्ष 25 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए 126 करोड़ का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट दर्ज किया। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी को 397.56 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

## शॉट न्यूज

### बिजली बिल नहीं भरने पर गन लायसेंस रद्द

**भोपाल**। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट द्वारा शस्त्र लायसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट गुना श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा शस्त्र लाइसेंस निलंबन का नोटिस देने के बाद भी बिजली का बकाया बिल जमा नहीं करने वाले श्री सुरेंद्र कपूर निवासी कालापाठा कैंट जिला गुना का शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर शस्त्र संबंधित थाने में जमा करने के आदेश दिए गए हैं। श्री सुरेंद्र कपूर के ऊपर बिजली कंपनी की लगभग 8 लाख से अधिक बिल बकाया है जिसे नोटिस देने के बाद भी जमा नहीं कराया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के जिलों में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आर्म्स डीलर लाईसेंस एवं शस्त्र लाईसेंस की स्वीकृति एवं नवीनीकरण के लिए बिजली कंपनी से नोड्यूज प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया गया है।

### लव जिहाद पर हिन्दू पंचायत की चेतावनी

**उज्जैन**। उज्जैन जिले के घट्टिया तहसील के बिछड़ोद गांव में कल लव जिहाद से महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर हिन्दू जागरण मंच ने हिन्दू ग्राम पंचायत का आयोजन किया। जिसमें 22 गांव के लोग पहुंचे। पंचायत में यह चेतावनी दी गई है कि यदि 20 मई तक आरोपियों के मकान नहीं तोड़े गए तो हिंदू समाज उग्र आंदोलन करेगा। हालांकि प्रशासन ने भरोसा दिया है कि जल्द ही कार्यवाही की जाएगी। यह पंचायत बीते दिनों गांव में हुई लव जिहाद की घटना के मद्देनजर बुलाई गई थी। हिन्दू जागरण मंच की पधाधिकारी ने प्रदेश के सीएम मोहन यादव से निवेदन किया कि लव जिहाद और लैंड जिहाद को लेकर जो कानून बनाए गए हैं उनका पालन कराया जाए। घट्टिया तहसील के बिछड़ोद गांव में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित इस पंचायत में महिला सुरक्षा और लव जिहाद जैसे ज्वलंत मुद्दों पर 'जागरूक नागरिक के नाते समाज के प्रत्येक हिंदू व्यक्ति की भूमिका' विषय पर 'हिंदू समाज पंचायत' का आयोजन किया गया।

### नौकरी देने के बहाने बुलाकर कार में किया महिला से रेप

**जबलपुर**। डिंडौरी में सरकारी अफसर पर एक 35 साल की महिला से कार में रेप करने का आरोप है। आरोपी ने पीड़िता को सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने मिलने बुलाया। इसके बाद बड़े अधिकारी से मिलवाने के लिए कार से ले गया और रेप किया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर जबलपुर बस स्टैंड पर छोड़कर भाग गया। घटना डिंडौरी की है। पीड़िता ने देर रात जबलपुर के कुंडम थाने में आरोपी अफसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। आरोपी पंकज सिंह परिहार पंचायत विभाग में असिस्टेंट इंजीनियर है। कल दोपहर को परिवार के साथ शहर छोड़कर भागते समय पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। महिला की शिकायत के मुताबिक कुछ समय पहले ही पंकज सिंह से उसकी दोस्ती हुई थी। इसके बाद से दोनों के बीच अक्सर फोन पर बात होने लगी।

### प्रयागराज से आई पनीर-दही की खेप सतना में सीज

**सतना**। सतना में रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने प्रयागराज से आई मिलावटी पनीर और दही की बड़ी खेप को जब्त कर लिया। टीम ने 350 किलो पनीर और 150 किलो दही को सीज किया है। जब्त किए गए पनीर की कीमत 84 हजार रुपए और दही की कीमत 11 हजार रुपए है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौड़ और शीतल सिंह की टीम ने एसडीएम एलआर जांगड़े की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। टीम ने पनीर और दही के सैंपल लेकर उन्हें राज्य खाद्य लैब में जांच के लिए भेजा है। जब्त किए गए सामान को कोल्ड स्टोर में रखवा दिया गया है। पिकअप नंबर यूपी 35 बीटी 1838 से यह खेप सतना लाई गई थी। थर्मोकोल के 7 बॉक्स में पनीर और 15 किलो के 10 जार में दही मिला। ड्राइवर नीरज कुशवाहा ने बताया कि यह सामान अनिग डेयरी, खोदायपुर बगई खुर्द, फूलपुर प्रयागराज से नागौद और रीवा की पार्टियों के लिए भेजा गया था।

## एम्स के पीछे जलाई पराली, बिल्डिंग में धुआं भरा

### आदेश खत्म, अब बिना रोक टोक खेतों में धधक रही आग

संवाददाता ● भोपाल



भोपाल में पराली जलाने की टाइम लिमिट खत्म होते ही खेत आग से धधक रहे हैं। रविवार रात एम्स के पीछे कई एकड़ खेत में पराली जलाई गई। इससे एम्स की बिल्डिंग और स्कूल की बिल्डिंग में धुआं भर गया। वहीं, आसपास रहने वाले कई कॉलोनी के लोग दहशत में आ गए। देर रात आग बुझ सकी।

बाग मुगालिया, करोंद, बैरसिया रोड, रायसेन रोड पर भी ऐसी तस्वीरें दिखना आम बात है। सख्त कार्रवाई नहीं होने से यह स्थिति बनी है। दरअसल, तत्कालीन एडीएम सिद्धार्थ जैन ने जिले में पराली जलाने पर 5 मई तक रोक लगाई थी। इस दौरान तो सभी एसडीएम अलर्ट रहें। हुजूर, बैरसिया और कोलार एसडीएम ने 50 से ज्यादा किसानों पर ढाई लाख से ज्यादा का जुर्माना भी किया। कार्रवाई से पराली के मामले कम हुए, लेकिन इसके बाद प्रशासन की मुस्तैदी की पोल खुल रही है। बिना रोक-टोक के अब किसान खेतों में आग लगा रहे हैं। बता दें कि भोपाल जिले में 3 महीने के लिए पराली जलाने पर रोक लगाई गई थी। तत्कालीन एडीएम जैन ने आदेश जारी किए थे। यह रोक 5 मई तक थी। NGT (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के आदेश का पालन करते हुए यह रोक लगी थी। इसके बाद नया आदेश नहीं आया और किसान अब बेखौफ होकर पराली जला रहे हैं।

**पराली जलाने से यह नुकसान**

- खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जन संपत्ति एवं प्राकृतिक वनस्पति, जीव-जन्तु नष्ट हो जाते हैं। जिससे नुकसान होता है।
- खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है। जिससे उत्पादन प्रभावित होता है।
- खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रुप से उपजाऊ बनाते हैं। इन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिले में बड़े पैमाने पर पराली (नरवाई) जलाई जाती है, जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है। वहीं, कई बार खेतों की आग रहवासी इलाकों में भी पहुंच चुकी है।

### मोहन यादव का अब तक का सबसे बड़ा तोहफा

## मध्य प्रदेश के कर्मचारियों का सरकार कराएगी मुफ्त इलाज




संवाददाता ● भोपाल

**लोकार्पण**

मध्य प्रदेश सरकार ने कर्मचारी संगठनों को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने प्रदेश के कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने की मांग मान ली है। भोपाल के रवीन्द्र भवन में राज्य कर्मचारी संघ के अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इसका ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जबरदस्ती किसी चीज को अटकाना-लटकाना यह ठीक नहीं था। 9 सालों से एचआरए अटका हुआ था। मैं तो बाहर से देखकर दुखी हो जाता था कि जबरदस्ती क्यों अटकाया हुआ है। जिनके हक की चीज है, वो उनको समय पर क्यों नहीं मिलना चाहिए। उनको समय पर देना चाहिए था।'

**ट्रांसफर नीति में भी कर्मचारियों का ध्यान रखा** - कर्मचारियों को एचआरए (हाउस रेंट अलाउंस) और डीए (महंगाई भत्ता) दिए जाने के लिए रवीन्द्र भवन में मुख्यमंत्री का अभिनंदन समारोह किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के साथ कर्मचारी संघ और मजदूर संघ के पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने एचआरए बढ़ाए जाने के मामले में कहा कि 'मैं इस मामले में थोड़ा भाग्यशाली हूं कि आप लोगों को ज्ञापन देने के लिए नहीं आना पड़ा। मैंने खुद ही इसे आगे बढ़ा दिया।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैंने ट्रांसफर नीति के बारे में भी ध्यान रखा है। ट्रांसफर करेंगे, लेकिन तब, जब सबका समय आएगा। जब बच्चों की छुट्टियां हो जाएं। हम थोड़ा आने-जाने की व्यवस्था बना लें, इसलिए गर्मी की छुट्टियों का इंतजार किया।'

**पुलिस बैंड में भर्ती शुरू कराई**

मोहन यादव ने कहा, "आजादी के पहले से पुलिस बैंड के पद थे, लेकिन धीरे-धीरे वह खत्म होते गए। हर जिले में यह पद खत्म होते गए। भले ही किसी की सरकार रही हो। हमने 55 जिलों में पुलिस बैंड की मंजूरी दी, क्योंकि पुलिस की परेड होती है तो उसकी गरिमा भी उस अनुपात में होनी चाहिए।" मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा, "2023 के संकल्प पत्र को अक्षरशः जमीन पर उतारने का काम करुंगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

**कर्मचारी संघ ने रखी आयोग बनाने की मांग**

इसके पहले राज्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए अपनी कई मांगों को भी सरकार के सामने रखा। कर्मचारी संघ ने कहा कि सबसे बड़ी तकलीफ है कि प्रदेश में किसी कर्मचारी को ढाई लाख का इलाज कराना पड़े तो उसे 25000 रुपए ही भुगतान किया जाता है। जबकि पिछले सालों में स्वास्थ्य के खर्चे बढ़े हैं। कर्मचारी संघ ने कहा कि कर्मचारी आयोग बनाया जाना चाहिए। कई तरह की विसंगतियां है, पद, टाइम स्केल का मामला है, इसको लेकर कोई सुनवाई नहीं है।

### सड़क किनारे स्कूटी के पास खड़ी थीं चारों

## शराबी ट्रैक्टर चालक ने मां और तीन बेटियों को मारी टक्कर



संवाददाता ● भोपाल

**हादसा**

बड़वानी नगर में कल सुबह हुए एक दर्दनाक हादसे में एक मां और उनकी तीनों लड़कियों की जान पर बन आई। एक शराबी ट्रैक्टर चालक ने सड़क किनारे अपनी स्कूटी पर बैठी इन मां बेटियों को टक्कर मार दी। घटना के बाद घायल मौके पर तड़पते रहे और ट्रैक्टर चालक वहां से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पास के ही निजी अस्पताल भिजवाया गया, जहां एक की हालत नाजुक बनी हुई है । इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है । बड़वानी नगर के राजघाट रोड पर कल सुबह एक ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार तीन लड़कियों और एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार तीन बहनें 14 साल की पलक कुशवाह, 12 साल की कनिका कुशवाह और 8 साल की आकृति कुशवाह के साथ ही उनकी मां भी घायल हो गईं । कनिका की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना सुबह करीब 8 बजे उस समय हुई, जब तीनों लड़कियां अपनी मां के साथ हाट बाजार होने के चलते, स्थानीय कृषि उपज मंडी में सामान खरीदने जा रही थीं।

इस दौरान मंडी के सामने सड़क किनारे स्कूटी पर बैठी इन लड़कियों को पास से गुजर रहे नशे में धुत एक ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक खाली ट्रैक्टर लेकर ईट भट्टों की तरफ जा रहा था। वह शराब के नशे में था। हादसे के बाद वह मौके से फरार हो गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। शहर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में कई ट्रैक्टर मालिक बिना लाइसेंस वाले और नौसिखिया चालकों को वाहन दे देते हैं, जिससे इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

## 38,000 दुर्लभ माचिसें, 40 से ज्यादा देशों के सिक्के

संवाददाता ● भोपाल

भोपाल में विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर कई प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। इन्हीं में एक बेहद खास प्रदर्शनी रही, जिसमें 38,000 से अधिक माचिसें और 40 से ज्यादा देशों की मुद्राएं (नोट) प्रदर्शित की गईं। माचिस को आमतौर पर हम रोजमर्रा की जिंदगी की एक सामान्य वस्तु मानते हैं, लेकिन 'माचिस मैन' के नाम से मशहूर सुनील कुमार भट्ट ने इसे एक बेहतरीन संग्रह का रूप दे दिया है।

### 40 साल से माचिसें जमा कर बच्चों को कर रहे प्रेरित

पिछले 40 सालों से माचिस संग्रह कर रहे सुनील के पास आज देश-विदेश की 38,000 से अधिक माचिसों का अनूठा कलेक्शन है। सुनील कुमार कई स्कूलों और कॉलेजों में प्रदर्शनी लगाकर बच्चों को इस रोचक संग्रह के बारे में जागरूक करते हैं। उनके संग्रह में दुनिया की सबसे छोटी और सबसे बड़ी माचिस भी शामिल है।

## अपने ही विधायकों की बढ़ती नाराजगी झेल रही भाजपा

### जेपी नड्डा ने दिखाया सख्त रुख

संवाददाता ● जबलपुर



प्रदेश में भाजपा इन दिनों एक अजीब समस्या का सामना कर रही है। एक के बाद एक पार्टी के कई विधायक अपनी ही सरकार के खिलाफ असंतोष के स्वर उठा रहे हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को इसमें दखल देना पड़ा है। नड्डा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को फोन कर बेबाक भाषा बोल रहे ऐसे सभी विधायकों को कड़ा मैसेज देने को कहा है, जो पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कुछ मंत्रियों द्वारा गईं विवादित टिप्पणी की घटना से अलग पिछले कुछ महीनों में पार्टी के कामकाज पर गौर करने पर पता चलता है कि विधायक खुलेआम सरकार की आलोचना कर रहे हैं। वह सार्वजनिक रूप से अपनी नाखुशी जाहिर कर रहे हैं, जिससे पार्टी के लिए शर्मनाक स्थिति पैदा हो रही है। गुना से भाजपा विधायक पन्ना लाल शाक्य ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया था कि स्थानीय गुना प्रशासन उन्हें गंभीरता से नहीं लेता। सिर्फ चुनिंदा लोगों की ही बात सुनी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि वह एससी वर्ग से आते हैं, इसलिए उनकी आवाज दबा दी जाती है। शिवपुरी से एमएलए देवेंद्र जैन ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्थानीय प्रशासन और एक एसडीएम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उनकी शिकायत पर राज्य सरकार ने एसडीएम को तो हटा दिया, लेकिन जैन चाहते हैं कि और कार्रवाई हो। वहीं, पिछोर के एमएलए प्रीतम लोधी लगातार स्थानीय प्रशासन और प्रभारी मंत्री के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। पार्टी की ओर से उन्हें नोटिस भी दिया गया, लेकिन इससे भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। सोहागपुर एमएलए विजयपाल सिंह और मऊगंज के एमएलए प्रदीप पटेल ने विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर राज्य प्रशासन की सार्वजनिक रूप से आलोचना की है।

### पति की सुपारी किलिंग कराने वाली पत्नी का कबूलनामा

## आने-जाने पर टोकते थे, जिंदगी कैद बन गई थी, किराएदार से करवाई हत्या : बिट्टी

संवाददाता ● भोपाल

**बयान**

भोपाल में भेल के 64 साल के रिटायर्ड अधिकारी जॉर्ज कुरियन की सुपारी देकर हत्या कराने वाली पत्नी बिट्टी जॉर्ज का कबूलनामा चौंकाने वाला है। पति की हत्या की साजिश उसी ने अपने किरायेदार रेखा और उसके प्रेमी संजय पाठक को सुपारी देकर रची थी। पुलिस को दिए बयान में बिट्टी ने बताया कि उसका पति उसे कहीं भी आने-जाने पर टोकते थे। वह खुद कई महिलाओं के संपर्क में रहते थे और मुझ पर हमेशा शक करते थे। उम्र बढ़ने के साथ वह बेहद चिड़चिड़े स्वभाव का होने लगे थे। बिट्टी ने कहा, छोटी-छोटी बातों पर अभद्रता करते थे। अपशब्द कहते थे। मैं बेसहारा हूं, महज 17 साल की उम्र में दोगुना उम्र के जॉर्ज से बेहतर भविष्य की आस में शादी की थी, लेकिन जॉर्ज के साथ जीवन केवल कैद बनकर रह गया था। यह रेखा सूर्यवंशी देखती रहती थी। उसी ने बुजुर्ग पति की हत्या करने के लिए उकसाया, तब बिट्टी ने पूरी प्लानिंग की। उसने पुलिस को बताया कि पति की आंखों में ड्रॉप डालने के साथ ही उसने रेखा और उसके प्रेमी संजय पाठक को बेडरूम में अंदर बुला लिया। इसके बाद खुद बाहर से गेट को बंद कर खड़ी रही। मारपीट की हर आवाज से उसके दिल को सुकून मिल रहा था, शुरुआत में आवाजें तेज आईं, लेकिन एक मिनट के भीतर ही पति की आवाज दबने लगी। यह सब सुनकर उसे अंदाजा हो रहा था कि पति मौत की नींद सोने वाला है।


**बिट्टी जार्ज,** आरोपी पत्नी


**जार्ज कुरियन,** मृतक


**रेखा सूर्यवंशी,** किराएदार


**संजय पाठक,** प्रेमी

**हत्या के बाद 5 घंटे तक शव के पास बैठी रही पत्नी**

पुलिस को दिए बयान में बिट्टी ने बताया कि धीरे-धीरे पति की आवाजें आना बंद हो गई। अंदर से संजय और रेखा ने गेट बजाना शुरु किया, तब यकीन हुआ कि पति मर चुके हैं। दोनों के बाहर आते ही उसे सुकून हो गया कि पति मर चुके हैं। तब कमरे की सफाई शुरु की। इसके बाद वह करीब पांच घंटे तक शव के पास बैठी रही और फिर निजी अस्पताल में पति को इलाज के लिए पहुंचाया।

**रेखा बोली- प्रेमी से बात करने पर रोक लगा रखी थी**

इधर, किरायेदार रेखा ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि जॉर्ज उससे नजदीकी बढ़ाना चाहते थे। वह दबाव बनाते थे कि प्रेमी से बातचीत न करें। उनके कारण प्रेमी संजय पाठक घर आ-जा नहीं सकता था। यही कारण था कि बिट्टी को पति की हत्या के लिए उकसाया। वे पहले ही पति से परेशान थी इसलिए बेहद आसानी से हत्या कराने के लिए राजी हो गई। उम्मीद थी कि हत्या के आरोप में बिट्टी को जेल होगी, हम बतौर किराएदार पहले से ही घर में रह रहे थे। आगे इसी घर पर कब्जा करने का इरादा था।

# जैकलिन के साथ फोटो क्लिक कराने आए फैन को मैनेजर ने हटाया पीछे

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडीस की खूबसूरती के देशभर में बहुत से फैंस हैं। लोग उनके साथ फोटो और सेल्फी खिंचवाने को लेकर उत्सुक रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस जैकलिन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में जैकलिन के साथ उनके फैंस तस्वीर क्लिक कराने की कोशिश कर रहे हैं। जैकलिन भी फैंस के साथ खुशी-खुशी तस्वीर क्लिक कराती नजर आ रही हैं, लेकिन जैकलिन की मैनेजर एक फैन को अपने हाथ से धक्का देकर पीछे हटाती नजर आ रही हैं। अब सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो पर रिएक्शन दे रहे हैं। जैकलिन का ये वीडियो ने अपने इंस्टा पेज पर शेयर किया है। इस वीडियो में जैकलिन एक गाड़ी में बैठी हैं। एक फैन उनके पास आता है और उनके साथ सेल्फी क्लिक करने के लिए खड़ा होता है। जैकलिन के हाथ में फोन है और वो फैन जैकलिन के चेहरे के पास अपना चेहरा लेकर आता है। इतने में जैकलिन के पीछे बैठी उनकी मैनेजर उस फैन को हाथ से धक्का देकर पीछे हटाती हैं। इस वीडियो को देखकर ज्यादातर फैंस जैकलिन की तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ लोग मैनेजर की इस हरकत पर नाराज हो रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि जैकलिन की मैनेजर ने बिल्कुल ठीक किया। बहुत से फैंस ने लिखा जैकलिन कितनी अच्छी हैं, वो कितनी खुशी से फैन के साथ तस्वीर क्लिक कर रही हैं। वहीं, एक फैन ने लिखा- जैकलिन को कोई दिक्कत नहीं हो रही है, लेकिन मैनेजर को देखो उसे ज्यादा तकलीफ हो रही है। वहीं, एक यूजर ने लिखा कि जैकलिन की मैनेजर ने बिल्कुल ठीक किया। फैंस सिलेब्स के इतने पास आकर फोटो क्यों क्लिक करते हैं।



# पति के साथ छुट्टियों पर निकली सोनाक्षी सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा अक्सर ही अपने पति जहीर इकबाल के साथ छुट्टियां मनाते नजर आती हैं। बीते कुछ महीने पहले ही दोनों छुट्टियां मनाकर लौटे थे। अब हाल ही में एक बार फिर ये बॉलीवुड कपल घूमने के लिए निकला है। सोनाक्षी को जहीर के साथ हाल ही में एयरपोर्ट पर देखा गया था। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देख फैन्स भी सोनाक्षी पर तंज कस रहे हैं। एक यूजर ने इस वीडियो के कमेंट सेक्शन में सोनाक्षी पर तंज कसते हुए लिखा, 'दोनों बेरोजगार हैं इसीलिए घूमते ही रहते हैं।' हालांकि कुछ फैन्स ने इस जोड़े की तारीफों के पुल बांधे हैं। एक यूजर ने लिखा कि दोनों क्यूट लग रहे हैं। वहीं एक अन्य यूजर ने दोनों की जोड़ी को बॉलीवुड की सबसे कूल जोड़ी बताया। पिछले साल जून में शादी के बंधन में बंधे बॉलीवुड स्टार सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल पहले ही दुनिया भर के कई मशहूर जगहों जैसे मालदीव, यूरोप, इटली, क्वींसलैंड, सिडनी और न्यूयॉर्क की सैर कर चुकी है। अब ऐसा लगता है कि अभिनेता एक बार फिर एक नई यात्रा पर निकल पड़े हैं, क्योंकि कुछ घंटे पहले उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां वे खुशी से झूम रहे थे। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जब एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। इसके बाद जब वहां मौजूद पैप ने दोनों से पोज देने के लिए कहा, तो उन्होंने खुशी-खुशी ऐसा किया। सोनाक्षी सिन्हा ने भूरे रंग का ओवरसाइज्ड को-ऑर्ड सेट पहना हुआ था, जिसके साथ सफेद स्नीकर्स की एक जोड़ी थी, जो उनके ठाठदार ड्रेसिंग स्टाइल को दर्शाता था।



# स्त्री 2 के बाद बढ़े श्रद्धा कपूर के तेवर!

स्त्री 2 के बाद से श्रद्धा कपूर खबरों में हैं। हर तरफ श्रद्धा कपूर का नाम है। श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी बीच खबरें थीं कि एकता कपूर अपनी फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर को साइन करना चाहती हैं। श्रद्धा कपूर ने इस फिल्म के लिए 17 करोड़ और प्रॉफिट में से शेयर भी मांगा है। लेकिन अब इसमें ट्विस्ट आ गया है।

श्रद्धा कपूर इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। पेमेंट ईश्यूज को लेकर श्रद्धा कपूर अब एकता कपूर की फिल्म का हिस्सा नहीं है। एकता को लगा कि श्रद्धा फिल्म के लिए बहुत ज्यादा फीस मांग रही हैं, खासकर इसलिए क्योंकि ये एक वुमेन सेंट्रिक फिल्म है। एकता को डर था कि इससे पूरा बजट बर्बाद हो सकता है। श्रद्धा के फिल्म से बाहर होने की वजह से प्रोड्यूसर अब नई लीड एक्ट्रेस ढूंढ़ रहे हैं। खबरें हैं कि मेकर्स किसी बड़ी एक्ट्रेस से बातचीत कर रहे हैं। एकता कपूर या श्रद्धा कपूर की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें कि इस अपकमिंग फिल्म को राही अनिल बर्वे डायरेक्ट करेंगे। राही अनिल बर्वे को तुम्बाड के लिए जाना जाता है।



श्रद्धा कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो वो स्त्री 3 में नजर आएंगी। ये फिल्म 13 अग्सत 2027 को रिलीज होगी। फिल्म में राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी जैसे स्टार्स नजर आएंगे।

श्रद्धा कपूर तू झूठी मैं मक्कार, साहो, स्ट्रीट डांसर 3डी, छिछोरे, हसीना पारकर, बत्ती गुल मीटर चालू, आशिकी 2 जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। श्रद्धा कपूर की एक्टिंग को बहुत पसंद किया जाता है। स्त्री 2 में भी उन्होंने धमाल मचा दिया था।

## डिब्बा बंद नहीं हुई 'तख्त', जल्द काम शुरू करेंगे करण जौहर

फिल्म डायरेक्टर करण जौहर ने बॉलीवुड को कई रोमांटिक और फैमिली ड्रामा फिल्में दी है। करण जौहर इससे आगे बढ़ते हुए संजय लीला भंसाली तरह ऐतिहासिक फिल्में बनाने के लिए तैयार थे। उन्होंने साल 2020 में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'तख्त' का अनाउंसमेंट भी कर दिया था। स्टार कास्ट से लेकर फिल्म रिलीज की तारीख तक तय थी। लेकिन अचानक इसपर काम बंद हो जाता है। अब करण जौहर ने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। बता दें कि रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, विक्की कौशल, जान्हवी कपूर और अनिल कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म 'तख्त' की घोषणा की गई थी। जिसे क्रिसमस 2021 में रिलीज किया जाना था। हालांकि यह अचानक धर्मा प्रोडक्शंस की लाइनअप से चुपचाप गायब हो गई। करण जौहर से जब एक इंटरव्यू में तख्त के कैंसिल होने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा- ये कैंसिल नहीं, बस पोस्टपोन हुई है। ये फिल्म मेरे टेबल पर है। मैं इसे एक दिन जरूर बनाउंगा। यही नहीं करण जौहर ने इस फिल्म की कहानी को अब तक की सबसे अच्छी कहानी भी बता दिया है।



# 'हेरा फेरी 3' से बाहर हुए परेश रावल, डायरेक्टर संग मतभेद है वजह?

बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'हेरा फेरी' के तीसरे पार्ट बनाने की बातें काफी वक्त से सामने आ रही थीं। पहले खबर थी कि अक्षय कुमार फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे। लेकिन फिर वो मान गए, जिसके बाद फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल डायरेक्टर प्रियदर्शन भी इसे बनाने के लिए तैयार हो गए। मगर अब दोबारा फैंस की उम्मीदों को धक्का लगा है, क्योंकि परेश रावल ने फिल्म से बाहर निकलने का ऐलान कर दिया है। ऐसी रिपोर्ट्स थीं कि परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। जब एक्टर से इस बारे में खुद सामने से पूछा गया था, तब उन्होंने खुद इस खबर को कंफर्म करते हुए कहा था कि ये सच्चाई है। ऐसी बातें सामने आई थीं कि परेश रावल क्रिएटिव डिफ्रेंसेज के चलते, 'हेरा फेरी 3' से बाहर हुए थे। उनकी फिल्म को प्रियदर्शन बना रहे हैं जो खुद इसकी राइटिंग भी कर रहे हैं। अब परेश रावल ने इस पूरे मामले पर अपनी सफाई दी है। एक्टर ने X पर पोस्ट करके ये बात साफ की है कि वो 'हेरा फेरी 3' से क्रिएटिव डिफ्रेंसेज के चलते बाहर नहीं हुए हैं। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि वो क्यों फिल्म से बाहर हुए। परेश रावल ने लिखा, 'मैं ये बात रिकॉर्ड में रखना चाहता हूं कि हेरा फेरी 3 से बाहर होने का मेरा फैसला क्रिएटिव डिफ्रेंसेज के कारण नहीं था। मैं फिर से दोहराता हूं कि फिल्ममेकर के साथ कोई क्रिएटिव डिफ्रेंसेज नहीं हैं। मैं डायरेक्टर मिस्टर प्रियदर्शन के प्रति बहुत प्यार, सम्मान और विश्वास रखता हूं।' एक्टर सुनील शेट्टी कई मौकों पर 'हेरा फेरी 3' के बारे में बात कर चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि उनकी फिल्म तीनों किरदार राजू, श्याम और बाबू राव के बिना अधूरी है। अगर तीनों में से किसी एक को आप बाहर कर दें, तो उनकी फिल्म नहीं चलेगी। ऑडियंस को मजा नहीं आएगा। 'हेरा फेरी' फिल्म सीरीज की पॉपुलैरिटी मीम वर्ल्ड में काफी ज्यादा है। फैंस इसके तीसरे पार्ट का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। ऐसे में परेश रावल की एग्जिट ने उन्हें काफी निराश किया है। अब देखना होगा कि कौन सा एक्टर अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के साथ 'बाबू राव' का किरदार निभाएगा।



# सुपर-डुपर हिट थी डेब्यू फिल्म, फिर भी नहीं मिली पूरी फीस

## बॉलीवुड एक्ट्रेस ने किया बड़ा खुलासा

90 दशक की उभरती हीरोइनों में एक नाम अनु अग्रवाल का भी था, जिन्हें 1990 में रिलीज हुई फिल्म आशिकी से पॉपुलैरिटी मिली। इस फिल्म ने उन्हें उस वक्त की सबसे डिमांडिंग एक्ट्रेस बना दिया था, लेकिन क्या आपको मालूम है कि इस सुपर-डुपर हिट मूवी के लिए उन्हें पूरी फीस नहीं मिली थी।

महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म आशिकी ने अनु अग्रवाल और राहुल रॉय को दर्शकों का चहीता बना दिया था। अनु को सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली। मगर एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि उन्हें इस फिल्म के लिए पूरी फीस नहीं दी गई थी। उन्हें सिर्फ अपनी सैलरी का 60 प्रतिशत ही मिला था। एक वेबसाइट से बातचीत में अनु से पूछा गया कि क्या आपने वो घटना देखी है, जिसमें मेकर्स ने क्रू से किया वादा पूरा न किया हो। इस बारे में एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिन याद किए और बताया, 'मुझे आज तक आशिकी के पूरे पैसे नहीं मिले। मुझे पूरे पैसे का केवल 60% ही दिया गया है। उन्हें अभी भी मेरा 40% देना बाकी है।' जब अनु अग्रवाल से पूछा गया कि क्या उन्होंने अपने बचे हुए पैसे वापस मांगे थे, तब एक्ट्रेस ने कहा, 'नहीं, ठीक है। मैंने बहुत पैसे कमाए। मैंने मॉडलिंग से बहुत कमाया है। मैं एक ब्रांड एंबेसडर बन गई। मैं भारत की पहली अभिनेत्री ब्रांड एंबेसडर में से एक हूं। उस समय एक्टर नहीं होते थे, सिर्फ क्रिकेट के ही होते थे। तो ठीक है यार। ये मेरा गिफ्ट है उनको।'



अनु अग्रवाल आशिकी के बाद इतनी सक्सेसफुल हो गई थीं कि मेकर्स उन्हें अपनी फिल्म में साइन करने के लिए बेताब रहते थे। मगर 1999 में एक भीषण कार एक्सीडेंट ने उनकी जिंदगी बदल दी। उनकी याद्दाश्त भी चली गई थी। बाद में उन्होंने फिल्मी दुनिया से दूर आध्यात्म की ओर झुकाव कर लिया। उन्होंने किंग अंकल, गजब तमाशा और थिरुडा थिरुडा जैसी फिल्मों में काम किया।

# बांग्लादेश की एक्ट्रेस नुसरत फारिया गिरफ्तार

## हत्या की कोशिश से जुड़ा है मामला

बांग्लादेशी अभिनेत्री नुसरत फारिया चर्चा में आ गई हैं। फिल्मों में अपने किरदारों के अलावा, एक्ट्रेस का नाम विवादों से भी समय-समय पर जुड़ता रहा है। उन्होंने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान की बायोपिक में शेख हसीना की भूमिका अदा की थी। अब जानकारी सामने आई है कि एक्ट्रेस को एक हत्या के प्रयास मामले में शामिल पाए जाने के आरोप के चलते गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि बांग्लादेश में बीते साल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों से जुड़े एक हत्या के प्रयास करने के मामले में एक्ट्रेस नुसरत फारिया को शामिल पाया गया था और इस वजह से उन्हें ढाका के एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया ने 31 वर्षीय एक्ट्रेस को गिरफ्तरा करने की जानकारी दी है। दरअसल उनके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया था और थाइलैंड जाते समय एक्ट्रेस को एयरपोर्ट से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। साल 2024 के जुलाई महीने की बात है, जब बांग्लादेश में स्टूटेंड के विरोध प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेश की राजधानी में एक छात्र की हत्या के कथित कोशिश के लिए नुसरत फारिया समेत 17 अभिनेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बता दें कि इसके बाद ही शेख हसीना को प्रधानमंत्री के पद से हटाया गया था।

## मां रवीना के गाने टिप टिप बरसा पर थिरकीं राशा

मुंबई में 23वें जी सिने अवॉर्ड 2025 का आयोजन हुआ है, जहां तमन्ना भाटिया, राशा थडानी और अनन्या पांडे की परफॉर्मेंस लगातार चर्चा में हैं। वहीं जैकलीन फर्नांडिस और रश्मिका मंदाना जैसे कई सेलेब्स रेड कार्पेट लुक से भी सुर्खियां बटौर रहे हैं। इस साल कार्तिक आर्यन को व्यूअर्स चॉइस अवॉर्ड दिया गया है, जिसे सुनील शेट्टी और अनन्या पांडे ने प्रेजेंट किया था। फिल्म आजाद से बॉलीवुड डेब्यू करने वालीं रवीना टंडन की बेटी राशा ने इस साल जी सिने अवॉर्ड में करियर की पहली परफॉर्मेंस दी है। इसे यादगार बनाने के लिए उन्होंने मां का सबसे आइकॉनिक गाना टिप-टिप बरसा पानी चुना। मंच पर राशा मां की ही तरह यैलो-गोल्डन आउटफिट कैरी किया था। इतना ही नहीं राशा ने इसके अलावा माधुरी दीक्षित के गाने एक दो तीन में भी धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। तमन्ना भाटिया ने बीते साल चार्टबस्टर रहे गाने आज की रात और ऐश्वर्या राय के गाने कजरा पर जोरदार परफॉर्मेंस दी है। अनन्या पांडे ने अपने सारे गाने छोड़कर पिता चंकी पांडे की फिल्म पाप की दुनिया के गाने मेरा दिल तोता बन जाए पर परफॉर्म किया। इस दौरान उन्होंने पिता चंकी पांडे को मंच पर बुलाकर उनकी स्टेप्स फॉलो की हैं।



# नेहा कक्कड़-टोनी की सोनू से हुई सुलह!

सिंगर सोनू कक्कड़ ने सरेआम ऐलान कर दिया था कि वो अपने छोटे भाई-बहन टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ से रिश्ते खत्म कर रही हैं। हालांकि चंद दिनों बाद ही फिर एक बार कक्कड़ भाई-बहनों की तिगड़ी पेरेंट्स की एनिवर्सरी पर साथ थिरकती नजर आ रही है। तस्वीरें सामने आने के बाद से ही तीनों के सुलह की खबरें तेज हो गई हैं। रविवार को नेहा कक्कड़ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से पेरेंट्स की एनिवर्सरी पर कई तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट की हैं। एक तस्वीर में सोनू कक्कड़, पेरेंट्स, भाई टोनी और बहन नेहा के साथ पोज करती नजर आ रही हैं। हालांकि इसके अलावा किसी दूसरी तस्वीर या वीडियो में सोनू नजर नहीं आई हैं। साथ स्पॉट होते ही खबरें हैं कि कक्कड़ तिगड़ी के रिश्तों में सुधार आ चुका है। हालांकि ये भी मुमकिन है कि भाई-बहन मतभेदों के बीच पेरेंट्स के लिए साथ पहुंचे हों। बताते चलें कि 12 अप्रैल को सोनू कक्कड़ ने अपने ऑफिशियल X प्लेटफॉर्म (पहले ट्विटर) पर भाई-बहन से रिश्ता तोड़ने की अनाउंसमेंट कर लिखा, आप सभी को ये बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि अब मैं दो टैलेंटेड सुपरस्टार नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ की बहन नहीं हूं। मेरा ये फैसला गहरी भावनात्मक पीड़ा से लिया गया है और मैं आज वाकई निराश हूं। इस बीच हर किसी की नजरें टोनी कक्कड़ की बर्थडे पार्टी की तस्वीरों पर पड़ीं, जिनमें पूरा कक्कड़ परिवार मौजूद था, हालांकि सोनू इसका हिस्सा नहीं थीं। अजीब बात ये भी थी कि सोनू कक्कड़ सोशल मीडिया पर अब भी भाई-बहन को फॉलो करती हैं। 45 साल की सोनू कक्कड़ तीनों भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं। उनसे छोटे टोनी कक्कड़ हैं और सबसे छोटी नेहा कक्कड़ हैं। सोनू साल 2003 से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने फिल्म दम के गाने बाबू जी जरा धीरे चलो से बतौर प्लेबैक सिंगर इंडस्ट्री में कदम रखा था। पहले ही गाने से सोनू को पॉपुलैरिटी मिल गई थी।



# 26 साल की उम्र में अनन्या ने दिखाया कमाल

## अचीवमेंट लिस्ट में ईशान खट्टर का नाम भी शामिल

अनन्या पांडे ने हाल ही में फिल्म केसरी 2 में अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया है। उनके किरदार को फैंस ने खूब सराहा गया है। अब अनन्या के फैंस के लिए एक और खुशखबरी आ रही है। अनन्या ने अपने नाम एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है, और इस बार उनके साथ ईशान खट्टर भी सुर्खियों में हैं। आइए बताते हैं, क्या है यह खास खबर? अनन्या पांडे ने फोर्ब्स ईशान खट्टर की पॉपुलर 30 अंडर 30 एशिया लिस्ट 2025 में अपनी जगह बना ली है। जी हां, फोर्ब्स, जो एक अंतरराष्ट्रीय बिजनेस मैगजीन है, वो हर साल 30 साल से कम उम्र के उन युवाओं को इस लिस्ट में शामिल करता है, जिन्होंने अलग अलग फील्ड में अपने टैलेंट का लोहा मनवाया हो। इस बार अनन्या ने अपनी शानदार एक्टिंग और मेहनत के दम पर इस लिस्ट में जगह बनाकर साबित कर दिया है कि वो किसी से कम नहीं हैं। उनकी इस उपलब्धि से फैंस काफी एक्साइटेड हैं और सोशल मीडिया पर उन्हें विश कर रहे हैं। अनन्या के साथ-साथ ईशान खट्टर ने भी फोर्ब्स की 30 अंडर 30 एशिया लिस्ट 2025 में अपनी जगह पक्की कर ली है। हाल ही में ईशान की वेब सीरीज द रॉयल्स ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा था। हिंदी फिल्मों से लेकर इंग्लिश वेब सीरीज तक, ईशान ने अपना जलवा दिखाया है और सबको प्रभावित किया है।



# कप्तान श्रेयस बोले- हर परिस्थिति में जीतना चाहते हैं

## हार पर राजस्थान के कोच द्रविड़ ने कही यह बात

एजेंसी ● जयपुर

आईपीएल 2025 में रविवार को डबल हेडर खेला गया। पहले मैच में पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रोमांचक मैच में 10 रन से जीत हासिल की। इस जीत के साथ पंजाब ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। पंजाब की जीत के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि इससे यह साबित हो गया है कि परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, उनकी टीम जीत दर्ज करने में सक्षम है। वहीं, राजस्थान के कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि इस सीजन से उनकी टीम के युवाओं को सीख मिलेगी। वहीं, रविवार को डबल हेडर के दूसरे मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है।श्रेयस खुश हैं कि उनकी टीम ने राजस्थान के आक्रामक बल्लेबाजों द्वारा दबाव बनाए जाने के बावजूद सही मानसिकता का प्रदर्शन किया। पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 219 रन बनाए, लेकिन यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 4.5 ओवर में 76 रन बना दिए। पर हरप्रीत बराड़ ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब किंग्स के लिए मौका बनाया। मैच के बाद अय्यर ने कहा, 'खिलाड़ी जोश में थे। हमने दिखाया कि परिस्थिति चाहे जो भी हो हम जीतना चाहते हैं।'

उन्होंने कहा, 'जब विपक्षी टीम अच्छा खेलती है तो हाव-भाव पर असर पड़ता है। बराड़ नेट्स में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मैच में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी मानसिकता पूरे समय जबरदस्त रही। उनका दृष्टिकोण और रवैया शानदार रहा।' पंजाब किंग्स के कप्तान ने खुलासा किया कि उन्हें अंगुली में चोट लगी है, लेकिन नहीं पता कि यह चोट कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा, 'पता नहीं क्या हुआ है। अभ्यास के दौरान मुझे गेंद लगी।



जांच करानी होगी।' वहीं, घरेलू टीम के कप्तान संजू सैमसन ने अफसोस जताया कि वे पावरप्ले की लय बरकरार नहीं रख पाए। सैमसन ने कहा, 'विकेट और आउटफील्ड को देखते हुए यह संभव था। हमारे बल्लेबाजी क्रम और पावर-हिटर्स के साथ हमें लगा कि यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हमें बस अपना काम पूरा करना है और पारी को खत्म करना है।'

राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को उम्मीद है कि राजस्थान रॉयल्स के युवा भारतीय खिलाड़ियों को जल्द ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा जिससे उन्हें अगले सत्र के लिए मजबूत वापसी करने में मदद मिलेगी। द्रविड़ ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमारे पास बहुत सारे युवा, अच्छे भारतीय बल्लेबाज हैं। आज भी जायसवाल ने, वैभव ने, ध्रुव जुरेल ने जैसी बल्लेबाजी की। संजू, रियान ने दम दिखाया, उसे देखते हुए वे एक साल में और भी बेहतर होंगे।' द्रविड़ ने फिर बताया कि रॉयल्स के युवा खिलाड़ी एक साल बाद कैसे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'वैभव सूर्यवंशी बहुत क्रिकेट खेलेंगे जैसे भारत अंडर-19 में। रियान पराग भी बहुत क्रिकेट खेलेंगे। इसलिए मुझे लगता है कि ये सभी खिलाड़ी पूरे साल भारत के लिए बहुत क्रिकेट खेलेंगे जो मुश्किल क्रिकेट, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट होगा।' द्रविड़ ने कहा, 'इसलिए उम्मीद है कि जब वे अगले साल यहां वापस आएंगे तो वे अधिक अनुभवी होंगे। ये बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।' द्रविड़ को लगा कि राजस्थान के गेंदबाज और बल्लेबाज मैच में फिनिशिंग टच नहीं दे सके जिससे इस सत्र में टीम का प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने कहा, 'हम करीब पहुंच गए हैं लेकिन काम पूरा नहीं कर पाए। यह उन सत्रों में से एक रहा है, जहां आपको हमेशा लगता है कि गेंद से हमने 15-20 रन अतिरिक्त दिए और बल्ले से अच्छी स्थिति में पहुंचने के बाद निचले मध्यक्रम के साथ हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और बड़े शॉट नहीं लगा पाए, जिनकी हमें जरूरत थी।'

# गुजरात की जीत के साथ आरसीबी और पंजाब भी प्लेऑफ में पहुंचीं

## सुदर्शन-गिल के बीच रिकॉर्ड साझेदारी

एजेंसी ● नई दिल्ली

साई सुदर्शन और शुभमन गिल की रिकॉर्ड साझेदारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। इसी के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स भी प्लेऑफ में पहुंच गई हैं। अब चौथे स्थान के लिए लड़ाई जारी है। रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने केएल राहुल की शतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 199 रन बनाए।

जवाब में गुजरात टाइटंस ने निर्धारित ओवर में एक भी विकेट गंवाए बगैर 205 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने अच्छी शुरूआत दिलाई और अंत तक लय बरकरार रखी। दोनों के बीच 205 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। यह किसी भी ओपनिंग जोड़ी के द्वारा निभाई गई तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले गिल और सुदर्शन ने आईपीएल 2024 में 210 रन की साझेदारी निभाई थी। लक्ष्य का पीछा



करते हुए यह गुजरात का दूसरा सबसे सफल रन चेज है।

### गिल ने पूरे किए 5000 टी20 रन

इस मुकाबले में साई सुदर्शन ने 61 गेंदों में 108 रनों की नाबाद पारी खेली जबकि शुभमन गिल 93 रनों की नाबाद पारी खेलने में कामयाब हुए। सुदर्शन ने 56 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक जड़ा। वहीं, गिल ने सत्र का छठा अर्धशतक जड़ा। इस मैच में गुजरात के कप्तान ने शानदार प्रदर्शन के साथ टी20 में 5000 रन पूरे कर लिए। उन्होंने 154 पारियों में यह कारनामा किया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरूआत झटके के साथ हुई थी। फाफ डुप्लेलिस सिर्फ पांच रन बनाए। इसके बाद सलामी बल्लेबाज केएल राहुल को अभिषेक पोरेल का साथ मिला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 52 गेंदों में 90 रनों की साझेदारी हुई। पोरेल को साई किशोर ने अपना शिकार बनाया। वह 19 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अक्षर पटेल क्रीज पर आए और कुछ अच्छे शॉट्स खेलकर 25 रन बनाए और पवेलियन लौट गए। गुजरात के खिलाफ केएल राहुल ने अपने करियर का पांचवां शतक जड़ा। वह 65 गेंदों में 112 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 रनों का निजी स्कोर तैयार किया। गुजरात के लिए अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने एक-

# टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने केएल राहुल

एजेंसी ● नई दिल्ली

आईपीएल 2025 का रोमांच एक बार फिर शुरू हो चुका है। दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में शानदार शतकीय पारी खेली और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी20 में सर्वाधिक शतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने अभिषेक शर्मा की बराबरी कर ली।अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने गुजरात के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।



उन्होंने 60 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का पांचवां शतक पूरा किया। वह इस मैच में 112 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उनके बल्ले से 14 चौके और चार छक्के निकले। इससे पहले उन्होंने 35 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया था। अब उन्होंने इस सत्र का अपना पहला शतक ठोक दिया है। इसी के साथ केएल राहुल टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस प्रारूप में सात शतक लगाए हैं। वहीं, सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दर्ज हैं जिन्होंने टी20 में नौ शतक ठोके। इसके अलावा दाएं हाथ के बल्लेबाज केएल राहुल के नाम आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह ऐसा करने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस टूनार्मेंट में पांच शतक ठोके हैं। इस मामले में विराट कोहली शीर्ष पर हैं जिन्होंने आठ शतक ठोके हैं।

दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच में स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने एक और उपलब्धि हासिल की। वह टी20 में सबसे तेज 8000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। केएल राहुल ने ये कारनामा 224 पारियों में किया। वहीं, विराट कोहली ने टी20 की 243 पारियों में 8000 रन पूरे किए थे।

# यूपी सरकार का बड़ा फैसला, गोरखपुर में 236 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 236 करोड़ रुपये की लागत से राज्य का चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तैयार होगा। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने अब प्रदेश में चौथे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की तैयारी तेज कर दी है।आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इसमें दो मंजिला स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें सात मुख्य पिच व चार अभ्यास पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शुमार गोरखपुर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नियोजन विभाग द्वारा इस विषय में एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236.40 करोड़ रुपये खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। गोरखपुर में बनने वाले इस अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि पांच एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम बहुउद्देशीय यूज मॉड्यूल पर बनेगा, जिससे यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैचों के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा।

# भारतीय तनाव के दौरान पीओके में थे मोईन अली के माता-पिता, केकेआर के खिलाड़ी ने किया खुलासा

एजेंसी ● नई दिल्ली

इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने खुलासा करते हुए बताया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में तनाव के दौरान उनके माता-पिता पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में थे। मोईन भारत में आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे थे और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते आईपीएल का मौजूदा सीजन एक सप्ताह के लिए स्थगित हो गया था। आईपीएल के शेष मुकाबले अब शुरू हो चुके हैं, लेकिन मोईन निजी कारणों का हवाला देकर इसके लिए भारत नहीं लौटे हैं। मोईन ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य उसी दिन उड़ान पकड़ने में सफल रहे,



क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। मोईन ने एक पॉडकास्ट में कहा, मेरे माता-पिता उस समय पीओके में थे। फिर वे उस दिन वास्तव में एकमात्र उड़ान भरने में कामयाब रहे। मुझे खुशी है कि वे बाहर निकल गए, लेकिन यह डरावना था। मोईन ने उस दौरान के अपने अनुभव के बारे में भी बताया तथा अपने परिवार के साथ सुरक्षित भारत छोड़ने के बारे में बताया। उन्होंने कहा, जाहिर है कि कश्मीर में हमले हुए थे। कुछ ही समय में, चीजें तेजी से बढ़ने लगी। ऐसा लगा कि हम युद्ध के बीच में हैं, लेकिन जाहिर है कि हमने कुछ भी नहीं सुना। अचानक आप देश से बाहर निकलने के लिए भागदौड़ कर रहे हैं और बस यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आपका परिवार ठीक है। लोग आपके बारे में घर पर चिंतित हैं और बस यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे भी सहज हों।



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले क्रिकेटर मोहम्मद शमी, की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हुई।शमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के रहने वाले हैं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने बंगाल का प्रतिनिधित्व किया है। वह आईपीएल में सनराईजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# नए कोच के आते ही पाकिस्तान में फिर शुरू हुआ ड्रामा! बाबर-रिजवान को टी20 टीम में चाहते हैं हेसन

एजेंसी ● कराची

पाकिस्तान क्रिकेट टीम में ड्रामा समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। नए टूनार्मेंट के साथ-साथ वहां बोर्ड और मैनेजमेंट स्तर पर बदलाव आम बात है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इस फहरिस्त में कोच और कप्तान भी जुड़ गए हैं। गैरी कर्स्टन, जेसन गिलेस्पी, मिकी आर्थर समेत ऐसे कई बड़े नाम हैं, जिनको या तो हटा दिया गया, या फिर मजबूरी में उन्हें पद छोड़ना पड़ा। अब न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर माइक हेसन पाकिस्तान टीम के नए कोच बने हैं और आत ही उन्होंने टी20 टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की वापसी की मांग की है।दरअसल, रिजवान और बाबर को पिछले साल टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद टी20 टीम से





निकाल दिया गया था। सलमान अली आगा को नया कप्तान बनाया गया था। आगा के नेतृत्व में टीम कुछ सीरीज भी खेल चुकी है, लेकिन अब हेसन चाहते हैं कि बाबर और रिजवान वापसी करें। पाकिस्तान के सीमित ओवरों के नए कोच हेसन बाबर और रिजवान को टी20 में एक बार फिर से परखना चाहते हैं।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि हेसन ने इस सप्ताह चयनकताओं से बातचीत में बाबर और रिजवान की टी20 टीम में वापसी की वकालत की है। इन दोनों पूर्व कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों को अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बाहर कर दिया गया था। न्यूजीलैंड दौरे से पहले रिजवान को राष्ट्रीय टी20 कप्तान के पद से हटा दिया गया था। न्यूजीलैंड में पाकिस्तान की टीम 1-4 से हार गई थी। उससे पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में भी उसे हार सामना करना पड़ा था।

### हेसन ने चयनकताओं से कही यह बात

सूत्र ने कहा, 'हेसन ने चयनकताओं से कहा कि उन्हें लगता है कि बाबर और रिजवान अपने अनुभव के साथ टीम को अभी भी बहुत कुछ दे सकते हैं। वह टी20 में उनके भविष्य पर फैसला लेने से पहले उन्हें एक और मौका देना चाहते हैं।' सूत्र ने कहा कि सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने भविष्य की टी20 योजनाओं में बाबर और रिजवान को शामिल करने की समझदारी पर संदेह व्यक्त किया था, लेकिन हेसन ने जोर देकर कहा कि वह इस प्रारूप में उन्हें परखना चाहते है क्योंकि उनका अनुभव अमूल्य है।

# ट्रेविस हेड कोरोना वायरस से पीड़ित हुए, लखनऊ के खिलाफ नहीं खेलेंगे

एजेंसी ● लखनऊ

सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड कोरोना वायरस से पीड़ित हो गए हैं और वह सोमवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रविवार को हेड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हेड की भारत वापसी में देरी हुई है क्योंकि वह कोविड-19 के संपर्क में आ गए हैं। सनराइजर्स के कोच ने इस बारे में जानकारी नहीं दी है कि कब और कहां हेड कोरोना वायरस से पीड़ित हुए। विटोरी ने कहा कि हेड सोमवार सुबह भारत पहुंचेंगे और टीम का मेडिकल स्टाफ उनकी आगे की जांच करेगा। विटोरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हेड कल सुबह आ रहे हैं, उन्हें आने में देरी हो गई थी। दरअसल उन्हें कोविड था, इसलिए वे यात्रा नहीं कर सके, इसलिए वे कल सुबह आएंगे और उसके बाद



हम उनकी स्थिति का आकलन करेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल के एक सप्ताह के लिए स्थगित होने के बाद हेड और सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया चले गए थे। उनके जाने के बाद इस बात पर बहुत कम स्पष्टता थी कि वे 11 जून से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को देखते हुए भारत लौटेंगे या नहीं और कब लौटेंगे। हालांकि, सनराइजर्स ने इस बात की पुष्टि कर दी थी कि हेड और कमिंस आईपीएल 2025 के शेष मुकाबलों के लिए भारत आएंगे। हैदराबाद की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह ग्रुप चरण में अपना आखिरी मैच 25 मई को खेलेगी। हैदराबाद के इस सीजन तीन मैच शेष हैं। लखनऊ के बाद उसे आरसीबी और केकेआर के खिलाफ मुकाबला खेलना है। हेड अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस सीजन उनका बल्ला कुछ खास नहीं चला। उन्होंने 11 मैचों में 281 रन बनाए। वहीं, पिछले सीजन उन्होंने 15 मैचों में 567 रन बनाए थे।

दैनिक अदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, मंगलवार, 20 मई, 2025
www.adityabharat.com





सैंटियागो, पनामा । सैंटियागो में सामाजिक सुरक्षा एजेंसी में सुधार और पनामा नहर के संबंध में हाल ही में हस्ताक्षरित पनामा-अमेरिका ज्ञापन के विरोध में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया।

## शॉट न्यूज

### वेटिकन में नए पोप लियो-14 ने ली शपथ

**वेटिकन।** वेटिकन में सेंट पीटर स्क्वायर पर नए पोप लियो-14 का शपथ ग्रहण समारोह पूरा हो गया है। इसमें शामिल होने के लिए दुनिया भर से कई नेता वेटिकन पहुंचे हैं। इस कार्यक्रम में हजारों लोग भी शामिल हुए है। यह कार्यक्रम भारतीय समयानुसार 1:30 बजे शुरू हुआ। नए पोप और अन्य कैथोलिक चर्च के नेता शपथ ग्रहण शुरू होने से पहले बेसिलिका के अंदर सेंट पीटर की कब्र पर गए, और प्रार्थना किया। शपथ ग्रहण का पूरा कार्यक्रम करीब 2 घंटे तक चला।

### रूस ने यूक्रेन पर 273 ड्रोन दागे

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर 273 ड्रोन से हमला किया। यूक्रेन की एयरफोर्स के मुताबिक 3 साल से चली आ रही जंग में यह रूस का अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था। इस हमले में एक 28 वर्षीय यूक्रेनी महिला की मौत हो गई है, जबकि एक बच्चे समेत 3 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन की संसद के स्पीकर रुस्लान स्टेफनचुक के मुताबिक हमले की वजह से 9 घंटे तक एयर सायरन बजते रहे। रुस्लान ने बताया कि इस हमले में रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है। साथ ही कई गैराज जलकर खाक हो गए हैं।

### पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को हुआ प्रोस्टेट कैंसर

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को प्रोस्टेट कैंसर हो गया है। यह अब हड्डियों तक फैल चुका है। बाइडेन के ऑफिस ने कल बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। 82 साल के बाइडेन ने पिछले हफ्ते पेशाब में दिक्कत होने पर डॉक्टर को दिखाया था। जांच के बाद बीते शुक्रवार को उन्हें इस खतरनाक बीमारी का पता चला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन की बीमारी को लेकर कहा- मेलानिया और मैं उनकी बीमारी के बारे में जानकर दुखी हैं। जो बाइडेन के जल्दी और पूरी तरह ठीक होने की कामना करते हैं।

## निर्यातकर्ताओं को चार करोड़ से ज्यादा का नुकसान

# अमेरिका ने भारतीय आमों की 15 से ज्यादा खेप लौटाई

**मुंबई ● एजेंसी**

अमेरिका ने भारतीय आमों की 15 शिपमेंट लॉस एंजेलिस, सैन फ्रांसिस्को और अटलांटा एयरपोर्ट्स पर रिजेक्ट कर दीं। इससे एक्सपोर्टर्स को 4 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों ने आमों के कागजी दस्तावेजों में गड़बड़ी का हवाला देते हुए इन्हें नष्ट करने या वापस भेजने का आदेश दिया है। एक्सपोर्टर्स ने बताया कि आम जल्द खराब होने वाली फसल है और वापसी का खर्च अधिक था, इसीलिए उन्हें अमेरिका में ही नष्ट कर दिया गया।

**क्यों रोकी गई आमों की शिपमेंट** – अमेरिका में फलों का इंपोर्ट करने के लिए इर्रिडिएशन प्रक्रिया अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में फलों के कीटाणु मारे जाते हैं। प्रक्रिया होने के बाद एक्सपोर्टर को PPQ203 फॉर्म (कीट नियंत्रण प्रमाणपत्र) जारी किया जाता है। भारत में यह प्रक्रिया नवी मुंबई स्थित एक प्लांट में USDA (अमेरिकी कृषि विभाग) की निगरानी में होती है। 8-9 मई को यहीं से आमों के ट्रीटमेंट के बाद पीपीक्यू203 फॉर्म जारी किया गया था। शिपमेंट अमेरिका पहुंचने पर अधिकारियों ने दस्तावेजों में गलतियां पाईं।अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार, पीपीक्यू203 फॉर्म गलत तरीके से भरा गया था, जिसके चलते शिपमेंट रिजेक्ट हुईं। लेकिन यह गलती कीटों की मौजूदगी से जुड़ी नहीं थी, बल्कि फॉर्म भरने में रही खामियों की वजह से हुई।

**नुकसान**




### शिपमेंट रिजेक्ट होने से व्यापारियों की चिंता बढ़ी

अमेरिकी कृषि विभाग ने कहा है कि खेपों को वापस भेजने या नष्ट करने का खर्च व्यापारियों को खुद उठाना होगा। अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग (सीबीपी) ने कहा कि पीपीक्यू 203 फॉर्म गलत तरीके से जारी किए गए"और यह एंट्री रिक्वायरमेंट पूरी नहीं करते। इस घटना के बाद व्यापारियों में भारतीय आमों की गुणवत्ता प्रक्रियाओं पर सवाल उठने और भविष्य में दोबारा ऐसी घटना होने का डर है।

### एक्सपोर्टर्स ने कहा- प्लांट की गलतियों की कीमत चुकानी पड़ी

एक्सपोर्टर्स का कहना है कि उन्हें इर्रिडिएशन प्लांट की गलतियों की कीमत चुकानी पड़ रही है। एक व्यापारी ने कहा, पीपीक्यू203 फॉर्म यूएसडीए अधिकारी ही जारी करते हैं। अगर ट्रीटमेंट नहीं हुआ होता, तो यह फॉर्म मिलता ही नहीं। गलती होने पर शिपमेंट मुंबई एयरपोर्ट से क्लियर नहीं होता। दूसरे व्यापारी ने बताया कि लॉस एंजेलिस एयरपोर्ट पर 9-11 मई के बीच उनकी खेप रोकी गई और बाद में नष्ट करने का आदेश मिला। व्यापारी का कहना है कि हमने सभी नियम पूरे किए, फिर भी नुकसान उठाना पड़ा।

#### एक्सपोर्टर्स को 5 लाख डॉलर का नुकसान

इस घटना से व्यापारियों को करीब 5 लाख डॉलर (लगभग 4.2 करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। अमेरिका भारतीय आमों के लिए बड़ा बाजार है। मामले में एग्रीकल्चरल एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी ने कहा कि यह मामला महाराष्ट्र स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड से जुड़ा है, उनसे संपर्क करें। महाराष्ट्र स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड ने मामले में कोई जवाब नहीं दिया है।

## रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प समर्थक नेता की हार

**बुखारेस्ट ● एजेंसी**

रोमानिया में हुए राष्ट्रपति चुनावों में बुखारेस्ट के मेयर निकुसोर डैन की जीत हुई है। उन्होंने ट्रम्प समर्थक नेता जॉर्ज सिमियन को कड़े मुकाबले में हरा दिया है। सभी वोटों की गिनती के बाद डैन को 54.17% वोट मिले, जबकि उनके विरोधी उम्मीदवार सिमियन को 45.83% वोट हासिल हुए। यह जीत इसलिए भी खास है, क्योंकि दो सप्ताह पहले दौर के मतदान में सिमियन को डैन से ज्यादा वोट (40.96%) मिले थे जबकि डैन को सिर्फ 20.99% वोट मिले। डैन ने अंतिम दौर में शानदार वापसी की। इससे पहले 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे रूस की दखल और गड़बड़ियों के आरोपों के चलते रद्द कर दिए गए थे। इसके बाद दोबारा चुनाव कराए गए। मतदान पूर्व सर्वेक्षणों में सिमियन को बढ़त मिलती दिख रही थी, लेकिन अंतिम दौर में डैन की वापसी ने मुकाबले को पलट दिया था। डैन का एजेंडा यूरोपीय समर्थक रहा। उन्होंने वादा किया कि वे कानून और प्रशासनिक सुधार करेंगे, यूक्रेन की मदद जारी रखेंगे और पश्चिमी देशों से रिश्ते मजबूत करेंगे। वहीं, सिमियन ने ट्रम्प के अंदाज में 'रोमानिया फर्स्ट' अभियान चलाया, जिसमें यूरोपीय संघ की नीतियों से थोड़ी दूरी बनाने, टैक्स घटाने और यूक्रेन को दी जा रही सैन्य मदद कम करने की बात कही गई थी। रोमानिया में राष्ट्रपति की भूमिका काफी अहम होती है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को चुनने, विदेश नीति और रक्षा मामलों में प्रमुख भूमिका निभाता है। इसके अलावा उसके पास यूरोपीय संघ के सर्वसम्मति वाले फैसलों पर वीटो जैसे अहम अधिकार भी हैं।

## आईएमएफ ने कर्ज के गलत इस्तेमाल पर दी चेतावनी

# लोन के पैसे से रक्षा बजट बढ़ाना चाहता है पाकिस्तान

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को भारत के साथ बढ़ते तनाव पर चेतावनी दी है। आईएमएफ ने कहा है कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो पाकिस्तान के 1 बिलियन डॉलर (करीब 8,542 करोड़) के बेलआउट प्रोग्राम की अगली किस्त रोकी जा सकती है। आईएमएफ ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को बेलआउट प्रोग्राम के लिए खतरा बताया है। इसके साथ ही, लोन की अगली किश्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई गई हैं। अब लोन के लिए पाकिस्तान पर कुल शर्तें 50 हो गई हैं।

**चेतावनी**

### 9 मई को 12 हजार करोड़ का लोन दिया

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) के एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने 9 मई को क्लाइमेट रेजिलिएंस लोन प्रोग्राम के तहत पाकिस्तान को 1.4 बिलियन डॉलर का नया लोन दिया था। साथ ही, एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी के तहत मिल रहे 7 बिलियन डॉलर की मदद की पहली समीक्षा को भी मंजूरी दी है। इससे पाकिस्तान को अगली किस्त के 1 बिलियन डॉलर (करीब ₹8,542 करोड़) मिलेंगे। इस रिव्यू अप्रूवल से 7 बिलियन डॉलर के सहायता प्रोग्राम के तहत कुल 2 बिलियन डॉलर का डिस्बर्समेंट हो गया है। रेजिलिएंस लोन से पाकिस्तान को तत्काल कोई राशि नहीं मिलेगी।




### उधारी से खरीदेगा हथियार

बेलआउट प्रोग्राम की पहली रिव्यू मीटिंग में आईएमएफ ने कहा कि अगर तनाव जारी रहा या और बढ़ा, तो पाकिस्तान का रक्षा बजट लोन पर बोझ बन सकता है। ये पहले ही 12% बढ़कर 2.414 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपया हो चुका है। पाकिस्तानी सरकार इसे 18% बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपया करने पर अड़ी है। आईएमएफ इसे फंड के दुरुपयोग होने का संकेत मान रहा है।



### भारत ने कहा- आतंकवाद को फंडिंग करना खतरनाक

आईएमएफ की एग्जीक्यूटिव बोर्ड की मीटिंग में भारत ने पाकिस्तान को दी जा रही फंडिंग पर चिंता जताई और कहा कि इसका इस्तेमाल पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद फैलाने के लिए करता है। भारत समीक्षा पर वोटिंग का विरोध करते हुए उसमें शामिल नहीं हुआ।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)